# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

वर्ष - 05 अंक - 22 बैकुंठपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

www.cgfrontline.com


## मां महामाया हवाई अड्डा की शुरूआत के लिए शिलालेख लगाने पहुंचा आदेश

### 21 अक्टूबर को उद्घाटन के साथ पहली उड़ान की तैयारी शुरू

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** मां महामाया हवाई अड्डा अंबिकापुर, दरिमा का उद्घाटन अगर किसी प्रकार की अड़चन सामने नहीं आई तो 21 अक्टूबर को होना तय माना जा रहा है। इसके लिए कार्यालयीन संदेश भी मेल के माध्यम से आया है। मेल में इस बात का जिक्र किया गया है कि अंबिकापुर एयरपोर्ट में शिलालेख लगाने का काम शुरू किया जाए और विमामन सेवा के अधिकारियों को यहां की गई तैयारियों की जानकारी दी जाए। सब कुछ ठीक रहा तो सरगुजा वासियों के लिए वास्तव में दीपावली के पूर्व यह खबर बड़ी खुशखबरी देने वाली होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। मां महामाया हवाई अड्डा रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के बाद छत्तीसगढ़ का चौथा एयरपोर्ट होगा, जहां से नियमित विमान सेवा की शुरुआत होनी है। बता दें कि मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर, दरिमा की उद्घाटन तिथि कई बार टल चुकी है। यहां के लोग विमानन सेवा शुरू होने का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। बीते माह ही यहां सफल हवाई जहाज की लैंडिंग की गई थी। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही इस हवाई अड्डा से हवाई सेवा शुरू हो सकती है। 26 सितंबर को संभावित तिथि भी तय कर दी गई थी, लेकिन यह बात हवा-हवाई ही साबित हुई। अब फिर से उद्घाटन की तिथि निर्धारित की गई है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर के डायरेक्टर डॉ. एसडी शर्मा को मेल के माध्यम से सूचित किया गया है कि वे अंबिकापुर एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए शिलालेख लगाने की तैयारी करें। 21 अक्टूबर को उद्घाटन की तिथि तय की गई है। बताया जा रहा है कि 19 सीटर विमान की नियमित उड़ान की शुरुआत दरिमा हवाई अड्डे से की जाएगी। इसके पहले मां महामाया हवाई अड्डा में 72 सीटर विमान की ट्रायल लैंडिंग कराई गई थी जो कि पूरी तरह सफल रही थी। विमानन विभाग से मिले निर्देशों के बाद स्थानीय प्रशासन ने दरिमा एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारी शुरू कर दी है।



### शुभकामनाएं...

विजयादशमी (दशहरा) पर्व पर समस्त सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

### अवकाश सूचना


विजयादशमी (दशहरा) पर्व पर छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन कार्यालय में 12 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अत: हमारा अगला अंक 15 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित होगा।

*-संपादक*










## अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस पर होगा जिला स्तरीय स्वच्छता संवाद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर के अवसर पर जिला स्तरीय स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह द्वारा प्रतिभागियों सरपंच, सचिव व स्वच्छाग्रही समूह के अध्यक्ष एवं सचिव से राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहर के ऑडिटोरियम हॉल में स्वच्छता संवाद सह परिर्चचा किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत की एपीओ. एसबीएमजी स्वेच्छा सिंह को नोडल अधिकारी एवं वैज्ञानिक बॉयोटैक उद्यान डॉ. प्रशांत शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महानवमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में शारदीय नवरात्रि महोत्सव हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। महानवमी पर आज सुबह से देवीधाम व दुर्गा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। विधिवत पूजा अर्चना कर भक्तों द्वारा हवन पूर्णाहुति दी गई।

गौरतलब है कि शारदीय नवरात्रि पर क्षेत्र के आस्था का केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू दक्षिणेश्वरी मां कालरात्रि मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को महानवमी के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। यहां पर भक्तों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त में हवन पूर्णाहुति की गई। नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में स्थित दुर्गा पंडाल व बंगाली क्लब प्रांगण के दुर्गा पंडाल में भी पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजा अर्चना किया गया। साथ ही गौरीशंकर मंदिर प्रांगण, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में रात में गरबा व डांडिया नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अंबेडकर चौक के समीप जय भवानी दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित शारदीय नवरात्रि महोत्सव में भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। कुमदा कालोनी, सिलफिली, रविंद्रनगर, कंदरई, राजापुर, अजबनगर, संजयनगर, लटोरी, करवां समेत अन्य इलाकों में इन दिनों दुर्गोत्सव की धूम मची हुई है। भक्तों द्वारा दुर्गा पंडालों में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना व आरती कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल निर्मित हो गया है। साथ ही महानवमी में पूजा अर्चना के साथ कन्या भोज भी कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शारदीय नवरात्रि महोत्सव को लेकर अलग अलग स्थानों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

### आज किया जाएगा रावण दहन

विजयादशमी पर्व पर शनिवार 12 अक्तूबर को नगर के दशहरा मैदान समेत केनापारा समलेश्वरी मंदिर प्रांगण, सिलफिली, कंदरई, राजापुर, लटोरी, कुमदा कालोनी, रामनगर, डेडरी व आसपास इलाके में रावण दहन कार्यक्रम भव्य आतिशबाजी के साथ किए जाएंगे। साथ ही सिलफिली में विजयादशमी के दिन पिलखा सेवा समिति के नेतृत्व में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

## खींचातानी और धक्का-मुक्की से नाराज हुए गरबा आयोजन में पहुंचे टप्पू

### आयोजकों के द्वारा की गई तैयारियां भी शहर के लोगों को रास नहीं आई



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शहर में हाई लेबल सेलिब्रिटी के बीच गरबा की विशेष अनुभूमि का दावा करने वाले प्रायोजकों की पहले दिन ही मिट्टी पलीद होने की स्थिति बन गई। दरअसल अंबिकापुर में नवरात्रि के मौके पर गरबा की धूम मची हुई है। इसी क्रम में शहर के खरसिया रोड स्थित होटल ग्रैंड बसंत में 10 और 11 अक्टूबर को गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। गरबा की तैयारी में जुटे लोगों का कहना था कि इस आयोजन में फिल्म स्टार गोविंदा को आना था, लेकिन हाथ में गोली लगने से वे जख्मी हो गए, इसके बाद उनका आला निरस्त हो गया। इसके बाद टीवी में लोगों को लुभाने वाले कलाकार तारक मेहता का उल्टा चश्मा के टप्पू को उन्होंने आयोजन में आमंत्रित किया था। टप्पू अंबिकापुर पहुंचे, लेकिन यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर उनमें नाराजगी इस कदर रही कि वे सीधे कार में बैठे।

बताया जा रहा है स्टेज में जाने के दौरान धक्का-मुक्की ही नहीं चल रही खींचातानी को लेकर टप्पू नाराज हो गए थे। ऐसे में गरबा आयोजक कितने गंभीर थे, इसे लेकर गरबा नृत्य में शामिल होने के लिए टिकट खरीदकर गए लोगों की ओर से भी किसी प्रकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यहां बने हालात को देखने के बाद हरकत में आए बाउंसरों ने व्यवस्था सुधारी। इसके बाद स्टेज पर जाने के लिए टीवी कलाकार टप्पू तैयार हुए। बता दें कि शहर के रास गरबे का आयोजन किया गया था।

## पीरामल ने टीबी बीमारी के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमगराकला में 10 ग्राम पंचायतों से उपस्थित स्वयं सहायता समूह और मितानिन दीदियों के साथ निक्षय दिवस कार्यक्रम के तहत पीरामल फाउंडेशन ने टीबी बीमारी के प्रति जन-जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में पीरामल की जिला कार्यक्रम समन्वयक सरस्वती विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निक्षय पोर्टल टीबी रोगियों के लिए चलाया जा



रहा है। उन्होंने टीबी के लक्षण, जांच, उपचार इत्यादि के बारे में जानकारी दी। टीबी के मरीजों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और पोषण संबंधित बातों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को टीबी के प्रकार, लाभ-हानि के बारे में बताते हुए 2025 तक छत्तीसगढ़ से टीबी उन्मूलन के लिए शपथ दिलाया गया।

कार्यक्रम पश्चात सभी लोगों को टीबी हारेगा देश जीतेगा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएचओ, आरएचओ, एएनएम, स्वयं सहायता समूह, मितानिन, टीबी चैम्पियन व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वैच्छिक संगठनों ने पद्मविभूषण रतन टाटा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के स्वैच्छिक संगठनों ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र चोपड़ापारा के सभाकक्ष में रतन टाटा के निधन के पश्चात संगोष्ठी आयोजित कर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र की संचालिका विद्या दीदी ने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन समाज एवं देश के लिए कम लोग जीते हैं, उन्हीं में से एक थे रतन टाटा जी, उनके जीवन से हम सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला है। समाज सेविका वन्दना दत्ता ने कहा कि रतन टाटा सदैव देश के लिए सोचे एवं भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किए। वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय ने कहा कि रतन टाटा औद्योगिक जगत में शीर्ष पायदान पर तो थे ही, सामाजिक क्षेत्र में भी उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है। साहित्यकार कवि संतोष दास सरल ने कहा कि विशेषकर हम सभी समाज सेवियों के लिए रतन टाटा एक आदर्श के रूप में



हैं। उन्होंने हमेशा देश और समाज के विकास में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान देकर सामाजिक सरोकार को बढ़ावा दिया। युवा समाजसेवी अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि रतन टाटा एक प्रतिष्ठित उद्योगपति के साथ-साथ एक अच्छे इंसान थे। हम सभी के लिए उनका जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान समाजसेवी मनोज भारती, विजय शंकर तिवारी, उमाशंकर पाण्डेय, संतोष तिवारी, आशीष अग्रवाल, विजय उपाध्याय, विशाल शर्मा, सुनिधि शुक्ला, रश्मि सोनी, लक्की तिवारी सहित अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

## कुंडला सिटी में ट्रक की ठोकर से खड़ी कार क्षतिग्रस्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** खड़ी कार को ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। कुण्डला सिटी निवासी आकाश अग्रवाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनकी कार क्रमांक सीजी 15 डीजी 2705 में घर के सामने खड़ी थी। शाम करीब 5 बजे ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजेड 7101 का चालक कुण्डला सिटी में ही सामान लोड करके आया था। इस दौरान वह कार को ठोकर मार दिया, जिसमें कार का बाएं साइड का सीसा क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## रेड सिग्नल में अधिवक्ता की कार को ठोका ट्रक चालक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** आकाशवाणी चौक में रेड सिग्नल के बीच खड़ी कार को ट्रक का चालक




लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता संदीप एक्का निवासी गांधीनगर ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। अधिवक्ता ने पुलिस को बताया है कि 9 अक्टूबर को दोपहर करीब 11.30 बजे वे अपने साथी तामेश्वर केसरी के साथ प्रतापपुर नाका की ओर अपनी सेन्ट्रो कार क्रमांक सीजी 15 डीआर 1163 में गांधी चौक जा रहे थे। आकाशवाणी चौक के पास रेड सिग्नल में वे रूके थे, इसी दौरान पीछे की ओर से आए ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 15 डीवाई 4398 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को ठोकर मार दिया, जिससे कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में 01 नवम्बर को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। चूंकि राज्य शासन ने 01 नवम्बर 2024 को राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर अब कलेक्टर द्वारा 12 नवम्बर 2024 को कार्तिक एकादश देवउठनी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को

# तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा के लिए मिलेगा ब्याज रहित ऋण

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य शासन द्वारा माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इन जिलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना' के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने इस योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान चलाने कहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के अन्य जिलों के कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए 01 प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जा रही ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के संचालन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख निर्धारित है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत तकनीकी शिक्षा एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रों को, जिनके परिवारों की वार्षिक आय 2 लाख से कम है, उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल एक प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जायेगा। इस योजना का लाभ बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के छात्रों को भी मिलेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्र को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी (यथा एआईसीटीई, यूजीसी) मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम प्रवेशित हो। अधिकतम पारिवारिक आय रूपये 2 लाख होनी चाहिए, जो कि सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख है। ब्याज अनुदान का लाभ लेने के लिए नियमित रूप से ऋण किश्तों का भुगतान अनिवार्य है। ड्राप ऑउट एवं निष्कासित छात्र इस योजना के लाभार्थी नहीं बने रहेंगे किन्तु चिकित्सीय कारणों से एक वर्ष की अधिकतम सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्रता बनी रहेगी। इन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीई/बीटेक, एमई, एम टेक, डी आर्क, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, एमसीए, एम.बी.ए, डीई, बी.पी.एड, एमपीएड, पी.जी.डी.सी.ए., बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस, बी.एन.वाई.एस, बी.एन.एस., बी.यू.एम.एस, वी.एफ.एस.सी., बी.टेक डेयरी, बी.एग्री, बी.डी.एस, एमडीएस, एमबीबीएस, बीव्हीएससी, बीएससी नर्सिंग बेसिक तथा पोस्ट बेसिक, बी. फार्मा, एम फार्मा, डी फार्मा, डिप्लोमा इन मॉर्डन आफिस मेनेजमेंट, डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन एण्ड डिजाइन, डिप्लोमा इस कास्टयूम डिजाईन एण्ड ड्रेस मेकिंग, बीएड, डीएड, एमएड में अध्ययन के लिए योजना का लाभ लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 0771-2331331 सम्पर्क तथा वेबसाइट सीजीडीटीई रायपुर डॉट सीजी स्टेट डॉट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

# जीएसटी अधिकारियों से परेशान हैं आम लोग

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** केंद्रीय जी एस टी की भय पैदा करने वाली कार्रवाई से कोरबा के व्यापारी भी आक्रोशित हैं। यहां पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ भी बिलासपुर और रायपुर में पदस्थ रहे सुपरिटेंडेंट पर की गई कड़ी कार्रवाई की तरह का कदम उठाए जाने की अपेक्षा की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा में सैकड़ों व्यापारियों को 5-7 साल पुराने कार्यों को लेकर मोटी रकम का नोटिस दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाद में ऐसे व्यापारियों से बारगेनिंग कर मामला निपटा दिया जाता है।

एक व्यापारी ने बताया कि उसने शुरू के दो वर्ष जी एस टी रिटर्न नहीं भरा था। बाद में उसने दोनों वर्षों का रिटर्न भरा और स पूर्ण टैक्स का पेनाल्टी के साथ भुगतान कर दिया था। उसकी ओर कोई देनदारी नहीं रह गई थी। लेकिन उसे पुरानी अवधि के व्यवसाय के स बंध में फिर नोटिस जारी कर दी गई है और टैक्स भुगतान के लिए दबाव डाला जा रहा है।

एक अन्य व्यापारी ने कहा कि सेल टैक्स और इनकम टैक्स से इंस्पेक्टर राज खत्म होने से व्यापारियों ने राहत की सं ली थी। लेकिन अब वे एक बार फिर परेशान होने लगे हैं। व्यापारियों के दुकानों संस्थानों में जी एस टी




अधिकारी कभी भी आ धमकते हैं। उन्हें जी एस टी चोरिकरने का आरोप लगाकर धमकाते हैं। साथ ही लाखों रुपयों के भुगतान के लिए नोटिस जारी कर देते हैं, जिससे आम व्यापारी आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि कोरबा में पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई करना चाहिए।

यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के दो व्यापारियों को केंद्रीय जीएसटी में गड़बड़ियों के नाम पर धमकाकर सात लाख वसूलने वाले केंद्रीय जीएसटी के दो अफसरों को निलंबित कर दिया गया है। वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने पहल करते हुए दोनों अफसरों की शिकायत दिल्ली केंद्रीय जीएसटी बोर्ड में की थी। वित्त मंत्री की शिकायत को संज्ञान में लेकर ये कार्रवाई हुई है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में केंद्रीय जीएसटी में अधीक्षक के पद पर आशीष पाठक और पल्लव परगनिहा पदस्थ थे। दोनों छत्तीसगढ़ में लंबे समय से पदस्थ थे और दोनों की कार्यशैली की शिकायतें लंबे समय से मिलती रही है। केंद्र के अफसर होने के चलते स्थानीय स्तर पर उनके खिलाफ मिली शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती थी, जिसके चलते दोनों के हौसले बुलंद थे। दोनों ने छत्तीसगढ़ के दो व्यापारियों को टैक्स चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई का भय दिखा कर 7 लाख रुपए वसूल लिए। इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चैधरी को मिली थी। इसके बाद वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने दिल्ली में केंद्रीय जीएसटी बोर्ड के अफसरों से इसकी शिकायत की। राज्य के वित्त मंत्री द्वारा जीएसटी के अफसरों की शिकायत को दिल्ली में गंभीरता से लिया गया, जिसके बाद शिकायत की जांच करवाई गई। जांच में मामले की पुष्टि होने पर केंद्रीय जीएसटी के छत्तीसगढ़ में पदस्थ सुपरिटेंडेंट पल्लव परगनिहा और आशीष पाठक को निलंबित कर दिया है।

## आदिवासी करमा महातिहार कार्यक्रम में शामिल होने 14 को सिलौटा आएंगे मुख्यमंत्री

### सिलौटा स्टेडियम ग्राउंड में की जा रही तैयारी



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में स्टेडियम ग्राउंड, सिलौटा, परसवार, प्रतापपुर में आदिवासी करमा महातिहार कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सफल सम्पादन को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही है। स्थल में कार्यक्रम की रूप रेखा के अनुरूप तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा अधिकारी व कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व भी सौंपे गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते करेंगीं।

## भाजपा कार्यालय से एसी का आउटडोर निकालकर ले गए चोर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन


**अंबिकापुर।** भाजपा कार्यालय के पीछे दीवार के ऊपर लगे एयर कंडीशनर के आउटडोर को अज्ञात लोगों ने पार कर दिया। भाजपा कार्यालय प्रभारी रामप्रवेश पांडेय ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच, विवेचना कर रही है।

# भारत ने एक अमूल्य रत्न खो दिया...

## दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक, पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए उमड़ा जन सैलाब

### पीएम मोदी, अमित शाह से लेकर इन नेताओं ने जताया रतन टाटा के निधन पर शोक

एजेंसी






नई दिल्ली, टाटा संस के मानद चेयरमैन रहे रत्न टाटा का मुंबई के कैंडी ब्रीच अस्पताल में नौ अक्टूबर की देर रात को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। रतन टाटा के निधन से पूरा देश दुखी है। देश के लिए कई ऐतिहासिक काम करने वाले रतन टाटा के निधन से एक युग का अंत हो गया है।

रतन टाटा ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस लेने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा श्री रतन टाटा जी एक दूरदर्शी कारोबारी नेता, एक दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक गया। उन्होंने अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई लोगों के बीच अपनी जगह बनाई।

तेजस्वी यादव ने रतन टाटा को याद करते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों व परोपकार में गहरी आस्था रखने वाले बड़े उद्योगपति, विजनरी लीडर, ईमानदारी, नैतिकता, दयालुता और सद्भावना की मिसाल श्री रतन टाटा जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। वो ऐसे उद्योगपति थे जो हमेशा औरों के लिए जिए। उन्होंने अनुकरणीय जीवन जिया। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

वहीं राजनाथ सिंह ने राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर लिखा कि श्री रतन टाटा के निधन से दुखी हूं। वे भारतीय उद्योग जगत के एक ऐसे दिग्गज थे जिन्हें हमारी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

एक पोस्ट में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखा एक्स पर एक पोस्ट में, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, श्री रतन टाटा के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। श्री टाटा भारतीय उद्योग जगत के महानतम लोगों में से एक थे। टाटा समूह के माध्यम से उन्होंने सुनिश्चित किया कि भारतीय उद्योग जगत को दुनिया में एक उल्लेखनीय स्थान मिले। उन्हें उनकी नैतिकता, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति प्रेम के लिए याद किया जाएगा। उनमें निर्णय लेने और उसे सही बनाने का असाधारण गुण था। उन्होंने हमारे जीवन को बदल दिया, पूरे उद्योगों को फिर से परिभाषित किया और मानव इतिहास में सबसे दुर्लभ उपलब्धियों में से एक को हासिल किया: उन्होंने दुनिया में भारत की छवि को बदल दिया। दान और परोपकार के माध्यम से उन्होंने धन सृजन को उद्देश्य और अर्थ दिया। दुनिया ने एक दूरदर्शी और भारत ने अपना सबसे महान बेटा खो दिया है। मुंबई ने अपना पितामह खो दिया है। हम टाटा समूह और उन सभी लोगों के लिए अपनी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ भेजते हैं जो श्री रतन टाटा को प्यार करते थे।

### अमेरिकी राजदूत ने किया याद

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने ट्वीट किया, भारत और दुनिया ने एक विशाल हृदय वाले दिग्गज को खो दिया है। जब मुझे राजदूत के रूप में सेवा देने के लिए नामित किया गया, तो भारत की ओर से पहली बधाई रतन टाटा की ओर से आई, जिन्होंने दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बोर्ड में सेवा करते हुए मेरे गृहनगर की बहुत सेवा की। उन्होंने अपने देश के लिए अधिक समृद्धि और समानता का भविष्य देखा और हमारी दुनिया के लिए बहुत कुछ किया। उनकी स्मृति आशीर्वाद बनी रहे।

### मुख्यमंत्री सोरेन ने रतन टाटा के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर बृहस्पतिवार को एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 86 वर्षीय टाटा ने दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में बुधवार रात 11.30 बजे अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। सोरेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाले टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन और पद्म विभूषण रतन टाटा जी के निधन पर एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

### राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि



रतन टाटा को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी ने कहा, रतन टाटा एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। उन्होंने व्यवसाय और परोपकार दोनों पर अमिट छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा समुदाय के प्रति मेरी संवेदनाएं।

### केरल सीएम ने दी श्रद्धांजलि



केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने ट्वीट किया, भारतीय इतिहास में एक स्थायी विरासत वाले उद्योगपति श्री रतन टाटा के निधन से गहरा दुख हुआ। केरल के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और टाटा समूह के प्रति हार्दिक संवेदना।

### महाराष्ट्र सरकार ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए एक दिवसीय शोक की घोषणा की



महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य में एक दिवसीय शोक की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी। टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध समूह में बदलने का श्रेय रतन टाटा को जाता है। उनका बुधवार को मुंबई के एक अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हवाले से एक बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र में सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रीय झंडा 10 अक्टूबर को शोक के प्रतीक के रूप में आधा झुका रहेगा। बयान में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को कोई मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

# पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आसियान देशों के साथ संबंधों को और गहरा करने का अवसर: मोदी

एजेंसी



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए लाओस की उनकी यात्रा आसियान देशों के साथ संबंधों को और गहरा करेगी। लाओस रवाना होने से पहले अपने जारी एक बयान में मोदी ने कहा कि भारत इस साल एक्ट ईस्ट नीति का दशक पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आसियान नेताओं के साथ हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की भविष्य की दिशा तय करूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि लाओस जनवादी लोकतान्त्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) समेत क्षेत्र के साथ भारत के करीबी, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत से समृद्ध हैं। उन्होंने कहा, मैं लाओ पीडीआर नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों को लेकर आशान्वित हूं ताकि हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया जा सके। मोदी लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफनाडोन के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर आज विएंतियाने पहुंच जाएंगे। इस दौरान वह 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आसियान-भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी 10वीं बार हिस्सा लेंगे। वह आसियान देशों के अन्य शासनाध्यक्षों के साथ भारत और आसियान के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और परस्पर संबंधों की दिशा भी तय करेंगे।

# चिकित्सक दुष्कर्म-हत्याकांड: प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर और बंगाल सरकार के बीच बातचीत

एजेंसी




कोलकाता, आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर, जिनके नौ प्रतिनिधि 100 घंटे से अधिक समय से आमरण अनशन पर बैठे हैं, ने पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार रात को हुई वार्ता को अब तक की सबसे निराशाजनक वार्ता करार दिया। दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि उन्हें मौखिक आश्वासन के अलावा राज्य सरकार से कुछ भी ठोस नहीं मिला, क्योंकि सरकार ने स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार और मेडिकल कॉलेज परिसरों के भीतर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने संबंधी उनकी मांगों पर लिखित निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। राज्य भर के मेडिकल कॉलेज के लगभग 20 प्रतिनिधियों ने साल्ट लेक में राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदी मुखर्जी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने किया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

# सपा और कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा : अखिलेश

संवाददाता



**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी और विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सहयोगी कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। सपा द्वारा बुधवार को इनमें से छह सीटों के लिये उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद सपा और कांग्रेस के गठबंधन के बरकरार रहने को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच अखिलेश का यह बयान महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यादव ने इटावा के सैफई में अपने पिता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस से गठबंधन जारी रहने की सम्भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, आज समय नहीं है इस पर चर्चा का। मगर जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है तो मैं कहना चाहूंगा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन रहेगा। सपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के एक दिन बाद बुधवार को उपचुनाव वाली 10 में से छह सीटों फूलपुर, मझवां, करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर और सीसामऊ पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये। कांग्रेस उनमें से फूलपुर और मझवां सीटों पर दावेदारी कर रही थी। ऐसे में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर तरह–तरह की अटकलें लगायी जा रही थीं। सपा और कांग्रेस ने इंडिया के तहत पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा, हरियाणा चुनाव पर चर्चा अभी करना ठीक नहीं है। जब हम मिलेंगे तो चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों कटेहरी (अंबेडकर नगर), करहल (मैनपुरी), मिल्कीपुर (अयोध्या), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) पर उपचुनाव होने हैं। हालांकि उपचुनाव का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है।

# इलाज के लिये दी अपनी ही बच्ची की बलि, दम्पति गिरफ्तार, कुबूला जुर्म

संवाददाता

मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने बृहस्पतिवार को पीटीआई– को बताया कि गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बुधवार रात भोपा थाना क्षेत्र के बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए अपनी बच्ची की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। बंसल के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ममता काफी समय से बीमार थी और एक तांत्रिक ने सलाह दी थी कि अगर बीमारियों से छुटकारा पाना है तो अपनी ही एक माह की बच्ची की बलि देनी होगी। इस पर दम्पति ने बच्ची की बलि देकर उसका शव जंगल में छुपा दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस दम्पति के बयान के आधार पर बच्ची के शव की तलाश कर रही है। साथ ही हरेंद्र नामक उस तांत्रिक को भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिसने उन्हें बीमारी के इलाज के लिए बच्ची की हत्या करने की सलाह दी थी।

**संक्षिप्त समाचार**

### असम में अब तक 58 लाख से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता: हिमंत

एजेंसी

असम, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि राज्य में अब तक 58.11 लाख से अधिक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ली है। हिमंत ने बताया कि 88 विधानसभा क्षेत्रों के 40,000 से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बने हैं, जिनमें से टेओक और टिटाबोर नये विधानसभा क्षेत्र हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पार्टी में 58.11 लाख नये सदस्यों के जुड़ने के साथ ही भाजपा की असम इकाई अपने निर्धारित लक्ष्य के 100 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। हिमंत ने कहा, 40,000 से अधिक सदस्यों को नामांकित करने में कड़ी मेहनत के लिए टिटाबोर और टेओक निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकताओं को बधाई।

# बम की अफवाह के बाद उप्र के टूंडला में पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तीन घंटे से अधिक समय तक रुकी रही

एजेंसी




नई दिल्ली, सोशल मीडिया मंच एक्स के एक उपयोगकर्ता के हैंडल से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध आतंकवादी विस्फोटकों के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, जिसे वे एअर इंडिया की दिल्ली-लेह उड़ान में लगाने वाले हैं। रेलवे अधिकारियों को पुरी-नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के विस्फोटकों के साथ यात्रा करने की सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश के टूंडला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को तीन घंटे से अधिक समय तक रोके रखा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्स उपयोगकर्ता से मिली सूचना गलत निकली, क्योंकि देर रात ढाई बजे से सुबह छह बजे तक की गई गहन जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। प्रयागराज रेल मंडल के एक रेलवे अधिकारी ने बताया, देर रात करीब ढाई बजे हर डिब्बे के यात्रियों को जगाया गया और मेटल डिटेक्टर तथा श्वान दस्ते की मदद से उनके सामान एवं कोच की गहनता से जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। उन्होंने कहा, हमें एक सोशल मीडिया मंच एक्स के एक उपयोगकर्ता के हैंडल से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध आतंकवादी विस्फोटकों के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, जिसे वे एअर इंडिया की दिल्ली-लेह उड़ान में लगाने वाले हैं। हमने कार्रवाई शुरू की, लेकिन यह खबर गलत निकली।

# दिल्ली में डेंगू के 43 हॉट स्पॉट चिन्हित

## अब तब मामलों की संख्या बढ़कर 2115, दो लोगों की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेंगू से दो और व्यक्तियों की मौत हो गई है, जबकि इस साल डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 2,115 हो गयी है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली। सितंबर में, दिल्ली में इस साल डेंगू से पहली मौत हुई, जब आठ सितंबर को लोक नायक अस्पताल में 54 वर्षीय एक व्यक्ति की वायरस के कारण मौत हो गई। नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक निकाय अधिकारी ने बताया कि दो व्यक्तियों की मौत सफदरजंग अस्पताल और पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग में महाराजा अग्रसेन अस्पताल में हुई है। हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि मौतें कब हुईं और मृतकों के बारे में अन्य विवरण क्या हैं।

राजधानी में एमसीडी की साप्ताहिक रिपोर्ट में इन मौतों की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक राजधानी में डेंगू से कुल तीन मौतें हुई हैं। पिछले साल, दिल्ली में डेंगू से 19 मौतें हुई थीं। दिल्ली में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच सात दिनों की अवधि में, डेंगू के 485 और मामले सामने आए। इस अवधि के दौरान सबसे अधिक मामले नजफगढ़ जोन और उसके बाद दक्षिण दिल्ली जोन में दर्ज किए गए।

पिछले महीने, दिल्ली में डेंगू के 1052 मामले सामने आए थे, जो इस साल अब तक किसी भी महीने में सबसे अधिक है। पिछले सप्ताह 29 सितंबर से अक्टूबर तक मलेरिया के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें 81 मामलों की वृद्धि दर्ज की गई। इस साल मलेरिया के कुल मामलों की संख्या पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर गई है, जिसमें 5 अक्टूबर तक मलेरिया के 511 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले साल दिल्ली में मलेरिया के 426 मामले सामने आए थे। इसी तरह, चिकनगुनिया के मामलों की संख्या भी बढ़ गई है, जो 5 अक्टूबर तक 69 थी, जबकि 2023 में पूरे वर्ष में इसके 65 मामले सामने आये थे।

एमसीडी के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने अब तक शहर में 43 हॉटस्पॉट की पहचान की है, जहां डेंगू के मामलों के समूह देखे गए हैं। हालांकि, विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अज्ञात मामलों का एक बड़ा हिस्सा, जहां डेंगू के मरीजों का पता अधूरा या गलत है, डेंगू की लड़ाई के लिए चुनौती बना हुआ है।

एमसीडी की साप्ताहिक वेक्टर जनित रोग रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में अब तक 2,115 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 2,010 संक्रमण एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के क्षेत्रों में, 26 मामले एनडीएमसी क्षेत्रों में, 66 दिल्ली छावनी में और 13 रेलवे से थे। रिपोर्ट में अतिरिक्त 162 मामलों का भी उल्लेख किया गया है, जहां मरीज दूसरे राज्य में संक्रमित हुआ था।

1,071 अज्ञात मामलों में से 878 मामलों में अधूरे या गलत पते दिए गए थे, जबकि अन्य 193 मामलों में पता तो पता चल गया, लेकिन वह गलत पाया गया। एमसीडी की रिपोर्ट में इन आंकड़ों को दिल्ली के कुल संक्रमणों में नहीं जोड़ा गया है।

एक नगर निगम अधिकारी ने कहा कि अज्ञात मामलों की समस्या मच्छर जनित बीमारी के खिलाफ लड़ाई में बाधा बनती है, जो 14 अक्टूबर 2021 को दिल्ली सरकार द्वारा जारी अधिसूचना आदेशों के उद्देश्य को विफल करती है, जिसमें महामारी रोग अधिनियम के तहत शहर में इस बीमारी को सूचित रोग घोषित किया गया था। अधिसूचना में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के लिए शहर में निगरानी में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग को डेंगू की सूचना देना अनिवार्य कर दिया गया है।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस की हार से मिला सहयोगियों को हथियार

हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम कांग्रेस पार्टी के गले की फांस बनते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस हार से तो परेशान है ही, इसे हजम करने के लिए तरह-तरह के बहाने गढ़ रही है। जब कोई व्यक्ति किसी बड़े कंपटीशन वाले एग्जाम को क्लियर करने से चूक जाता है, तब वह अक्सर यह कहता है कि थोड़ी और मेहनत कर ली होती तो बात कुछ और होती। काश उसका उत्तर ये किया होता आदि। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के पास भी बताने को ऐसी ही मिलती-जुलती बातें हैं। कभी ईवीएम तो कभी भीतरघात, सीएम फेस को लेकर तनातनी, कुमारी सैलजा का प्रचार से दूर होना। हुड्डा परिवार पर हद से अधिक भरोसा, नतीजों के बाद कांग्रेस की हार के यही प्रमुख कारण गिनाए गए हैं। यह सही है कि चुनाव में पार्टी का बंटाधार हो गया, लेकिन इससे बड़ी परेशानी एक और है। इंडिया गठबंधन में सहयोगी दलों को कांग्रेस पर प्रहार करने और उसे दबाव में लेने का मौका मिल गया है। हार पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने कांग्रेस की नीति पर सवाल उठाए। शिवसेना (उद्धव गुट) ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा कि कांग्रेस जीत को हार में बदलना जानती है। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र में अकेले चुनाव लड़ना चाहती है तो पहले बता दे। राउत ने कहा कि भाजपा ने हारी हुई बाजी जीत ली। हर कोई मानता था कि कांग्रेस जीत रही है लेकिन वह फिर भी हार गई। भाजपा जीती क्योंकि उसके पास एक सिस्टमैटिक मैनेजमेंट है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस को हरियाणा में अपनी हार के कारणों का पता लगाने के लिए गहराई से सोचना होगा। मैंने पहले ही कहा था कि हम इन एग्जिट पोल्स पर भरोसा करके अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। किसी ने नहीं सोचा होगा कि एग्जिट पोल इतने गलत होंगे। 30, 60 बन गए और 60, 30 बन गए। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आप के नगर पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा था- देखिए, हरियाणा में चुनाव के नतीजे क्या कहते हैं। सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है। इन नेताओं के बयानों में साफ इशारा है कि ये सब कांग्रेस को दबाव में लेने की कोशिश कर रहे हैं। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के बाद महाराष्ट्र, झारखंड में विधानसभा चुनाव हैं। इंडिया गठबंधन के सहयोगी जानते हैं कि अगर कांग्रेस दबाव में रहेगी तो गठबंधन में सहजता होगी। कांग्रेस ज्यादा सीट की मांग भी नहीं कर पाएगी। संजय राऊत के शब्द साफ-साफ साफ यही संकेत दे रहे हैं। कांग्रेस नेता भी जानते हैं कि इस हार ने पार्टी का गणित बिगाड़ दिया है। इसी को देखते हुए ही राहुल ने एक्स पर लिखा, 'हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। कई विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतें आ रही हैं। हम चुनाव आयोग को इससे अवगत कराएंगे। हम हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।' राहुल अच्छी तरह से जानते हैं कि हरियाणा में हार से सहयोगियों को दबाव बनाने का हथियार मिल गया है, जिसका वो प्रयोग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि कांग्रेस इसका तोड़ किस तरह से निकालती है। जल्द ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। यह चुनाव न केवल एक राज्य बल्कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का भविष्य भी तय करेगा।

# बहुत कुछ कह रहा घाटी का जनादेश



विमर्श
अवधेश कुमार

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने एवं संक्रमणकालीन व्यवस्था के तहत केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था इसलिए भी इसके परिणाम को देखने के दृष्टिकोण में अंतर हो सकता है। भाजपा समर्थकों एवं कश्मीर की क्षेत्रिय पार्टियों के स्वाभाविक विरोधियों के अंदर निराशा इसलिए है कि वहां के लोग ही खुलकर बता रहे थे कि 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने जितना विकास किया, उसकी पहले कल्पना नहीं थी। आतंकवाद के भय से सहमे रहने वाले दूरस्थ इलाकों तक भी विकास पहुंचा। बावजूद कश्मीर में उसका खाता न खुलना चिंता का विषय होना चाहिए। किंतु इसे अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता।

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम लगभग पूर्व अनुमानों के अनुरूप ही हैं। चुनाव की घोषणा से लेकर अभियान तक यह साफ हो गया था कि जम्मू क्षेत्र में भाजपा प्रभावी है लेकिन कश्मीर में उसका जनाधार नहीं बढ़ा है। दूसरी ओर नेशनल कांफ्रेंस का जनाधार कश्मीर के साथ जम्मू क्षेत्र में भी है। हालांकि जम्मू की 43 में से भाजपा को 29 सीटें मिलने से उनके समर्थकों को निराशा हो सकती है। सच्चाई व जमीनी वास्तविकता को नकारा नहीं जा सकता। वैसे तीन-चार सीट भाजपा काफी कम अंतर से हारी है। चूंकि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने एवं संक्रमणकालीन व्यवस्था के तहत केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था इसलिए भी इसके परिणाम को देखने के दृष्टिकोण में अंतर हो सकता है। भाजपा समर्थकों एवं कश्मीर की क्षेत्रिय पार्टियों के स्वाभाविक विरोधियों के अंदर निराशा इसलिए है कि वहां के लोग ही खुलकर बता रहे थे कि 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने जितना विकास किया, उसकी पहले कल्पना नहीं थी। आतंकवाद के भय से सहमे रहने वाले दूरस्थ इलाकों तक भी विकास पहुंचा।

स्थानीय निकायों के चुनाव से निचले स्तर पर विकास एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ी, शिक्षण संस्थान सुचारू रूप से चलने लगे, सांस्कृतिक गतिविधियां, खेलकूद आदि सामान्य गतिविधियों की तरह हो गए जिनकी पिछले तीन दशक से कल्पना भी नहीं थी। यह सच है कि भाजपा ने ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल, डिस्ट्रिक डेवलपमेंट काउंसिल और 2021 में पंचों एवं सरपंचों के चुनाव कराए। बावजूद कश्मीर में उसका खाता न खुलना चिंता का विषय होना चाहिए। किंतु इसे अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। भाजपा ने जम्मू में 41 तथा कश्मीर में 19 सीटों यानी कुल 60 स्थानों पर चुनाव लड़ा। पार्टी ने पहली बार 23 मुस्लिम प्रत्याशी दिए। दूसरी ओर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन में कांग्रेस 32 और नेकां ने 51 सीटों पर चुनाव लड़ा तथा 5 सीटों पर दोनों के बीच मुकाबला था। जम्मू क्षेत्र के बारे में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वहां एक तिहाई आबादी मुस्लिम है। केवल चार जिले जम्मू, कठुआ, सांभा और उधमपुर में हिंदू बहुमत में हैं, चिनाब घाटी के तीनों जिले मिले-जुले हैं तथा पीर पंजाल के पूंछ और डोडा मुस्लिम बहुल हैं। जम्मू कश्मीर आतंकवादी, अलगाववादी हिंसा की अस्थिर स्थिति में लंबे समय से रहा। उसमें 370 हटाने के बाद परिस्थितियों को एकाएक सामान्य करना तथा प्रशासनिक व राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों से लोगों तक पहुंचकर उन्हें समझा पाना असंभव था। भाजपा घाटी में कहीं थी नहीं और मुसलमानों के बीच उसे लेकर हमेशा गलतफहमी बनाई गई।

जम्मू-कश्मीर को मुस्लिम पहचान से जोड़ने का षड्यंत्र आजादी के पूर्व से आरंभ हुआ और केन्द्रीय सत्ता ने नीतियों और व्यवहार से उस मानसिकता को सशक्त किया। भाजपा स्थापित की गई भारत की अखंडता सिद्धांत के विपरीत धारणा के विरुद्ध रही है। इस विचार की सहयात्री नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस वहां की स्थापित पार्टियां रही हैं। बाद में पीडीपी भी मुख्य पार्टी बन गई और इनका जनाधार दोनों क्षेत्रों में रहा है। उनको काट



पाना आसान नहीं था। हालांकि कांग्रेस जम्मू कश्मीर से समाप्त पार्टी साबित हुई क्योंकि उसे 5 सीटें घाटी से मिलीं जिनके कारण नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन है और एक सीट केवल पीर पंजाल से। बाकी जम्मू में वह कहीं भी जनाधार साबित नहीं कर पाई। भाजपा को अकेले सबसे ज्यादा 25.64% मत मिले हैं। इसके समानांतर नेशनल कांफ्रेंस का मत 23.43 प्रतिशत तथा कांग्रेस का 11.27 प्रतिशत है। कांग्रेस का अपना एक अलग जनाधार जम्मू और घाटी दोनों क्षेत्रों में रहा है जो इस चुनाव में लगभग खत्म है। अगर नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन नहीं होता तो संभव था उसे सीटें नहीं आती। पीडीपी केवल 8.7% मत पाने वाली पार्टी रह गई और उसके बाद एकमात्र एनपी है जिसे 1 प्रतिशत से अधिक मत मिले। भाजपा का यह आज तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। हालांकि यह चिंता का विषय है कि धारा 370 हटाने के बाद आम लोग भी मीडिया में बोल रहे थे कि उन्हें शासन में भागीदारी का अवसर मिला, शैक्षिक- सांस्कृतिक -खेलकूद आदि गतिविधियां बढ़ी, विकास के जबरदस्त काम हुए , लेकिन ये भाजपा को मत देने के लिए तैयार नहीं थे। कश्मीर की मुस्लिम पहचान की विरोधी पार्टी की छवि के साथ पूरे देश में इस समय मुसलमानों की सामूहिक प्रवृत्ति भाजपा के विरुद्ध मतदान की है। इसी कारण सभी मतदाताओं ने लगभग रणनीतिक मतदान किया। विकल्प के रूप में नेशनल कांफ्रेंस ही मजबूत दिख रही थी। इसीलिए प्रभावी निर्दलीय और शेष दल वहां नकारे गये। पीडीपी केवल तीन सीटों तक सिमट गई और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुक्ति बीजबेहरा जैसे परंपरागत क्षेत्र से चुनाव हार गई। पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद लोन कुपवाड़ा से हारे और हौदवाड़ा से भी केवल 662 मतों से जीते। राशिद इंजीनियर का न्यायालय के आदेश पर जेल से बाहर जाकर प्रचार करना काम नहीं आया।

जमात ए इस्लामी से लेकर हुर्रियत से जुड़े उम्मीदवारों को भी लोगों ने समर्थन नहीं दिया क्योंकि उनके सामने वोट बंटने और भाजपा के मजबूत होने का खतरा दिखाया जा रहा था। मुस्लिम बहुल एक क्षेत्र जम्मू के किश्तवाड़ से भाजपा की शगुन परिहार की जीत थी जिन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के सज्जाद अहमद किचलू को 521 मतों से हराया। भाजपा ने पीर पंजाल के क्षेत्र में गुर्जरों और पहाड़ियों के लिए भले तीन दशक पुरानी अनुसूचित जनजाति के दर्जे को पूरा किया, आरक्षण दिया लेकिन वहां की आठ में से एक सीट नहीं जीत पाई। नेशनल कांफ्रेंस सहित सभी पार्टियों ने अलगाववादी वायदे किए थे जिनमें धारा 370 की वापसी, 1954 के पहले की स्थिति की बहाली, राजनीतिक कैदियों की रिहाई ,उन सारे कानूनों को समाप्त करना जो जम्मू कश्मीर की विशेष स्थिति को प्रभावित करते हैं, भूस्वामित्व संबंधी बदले कानूनों का अंत, पाकिस्तान के साथ बातचीत आदि शामिल थे। नेशनल कांफ्रेंस ने तो शंकराचार्य पर्वत को तख्त ए सुलेमान तथा हरी पर्वत को कोहे मारन तक में बदलने की घोषणा कर दी। इस तरह की कट्टर मजहबी घोषणाओं का भी वहां असर हुआ। भाजपा ने इसके विपरीत विकास, भविष्य के निर्माण, आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार, परिवारवाद आदि को खत्म कर सच्चे लोकतंत्र कायम रखने जैसी सकारात्मक घोषणाएं कीं। अब नेशनल कांफ्रेंस कांग्रेस की सरकार बन रही है तो देखना होगा कि अपने वादों को लेकर वो कितना आगे बढ़ते हैं। उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार के साथ संबंध बनाकर काम करने की बात की है जिनमें अभी तक किसी तरह की आक्रामकता या विरोध की भाषा नहीं है। संभव है यह बयान रणनीतिक भी हो। इसलिए उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के रीति-नीति, व्यवहार तथा भविष्य के राजनीतिक समीकरणों का स्पष्ट स्वरूप आने में थोड़ा समय लगेगा।

## दो टूक

विकेश कुमार बडोला



# जम्मू-कश्मीर में जनता की प्रतिक्रिया निराश करने वाली

हरियाणा में बहुमत के लिए 46 से दो अधिक यानि 48 निर्वाचन-क्षेत्रों पर विजयी होकर भारतीय जनता पार्टी ने निरंतर तृतीयावधि के लिए अपना शासन स्थापित करने की दिशा में पग बढ़ा दिया है। दो प्रकार के राजनीतिक ध्रुवों में बंटी देश की लोकतांत्रिक यात्रा में भाजपा व इसके समर्थकों के लिए यह शुभ पड़ाव हो सकता है, किंतु जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय विभिन्न कोणों से भारतीय लोकतांत्रिक चुनावी-धारणा को ही संदिग्ध बनाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय संविधान के अंतर्गत उक्त केंद्र शासित राज्य के लिए वर्षों से लागू धारा 370 और 35ए के हटने के बाद राज्य में सामाजिक-राजनीतिक वातावरण शेष भारतीय प्रांतों की तरह बनने-होने की आशा की गई थी। केंद्र में शासनरत भाजपा ने उक्त धाराओं को हटाकर राज्य के लिए जितने भी लोकतांत्रिक प्रयास किए, सभी संतुलित व विकासपरक थे। किंतु इस विधानसभा चुनाव में प्रांत की जनता ने जो प्रतिक्रिया दी है, वह निराश करने वाली है। भले ही भाजपा इसे बढ़े हुए मत प्रतिशत, पहले से अधिक निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी होने अथवा राज्य में 29 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजित होने के प्रतीक को अपने लिए प्रेरणादायी बता रही है, किंतु वास्तव में भाजपा के केंद्रीय शासन ने गत चौदह वर्षों में जितने अपूर्व कार्य राज्य में किए थे, उसके बदले में यह राजनीतिक व लोकतांत्रिक प्राप्ति कुछ भी नहीं है। यह यही सिद्ध करती है कि राज्य में अभी भी उन्हीं लोकतांत्रिक दलों, उनके नेताओं और उनके समर्थकों का बोलबाला है, जो भारत की सुविधाओं पर भारत के ही विरुद्ध अनेक षड्यंत्रों में लिप्त रहे हैं। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, अलगाववाद और मुस्लिमवाद का प्रसारण स्थानीय जनपीड़ा की प्रतिक्रिया नहीं, अपितु पड़ोसी मुल्क पाक की साजिश पर होने वाला घात-प्रतिघात रहा है। ऐसा घातक-प्रतिघातक वातावरण राज्य में स्थापित, विकसित और प्रसारित हुआ तो क्योंकर, इस बिंदु पर गहराई से विचार किए बिना ही केंद्रीय शासन ने वहां पुनः मतदान करवाने का निर्णय लेकर अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारने का कार्य किया है। इस राष्ट्र की, इसके नेताओं और यहां की तटस्थ जनता की समस्या यह है कि ये सभी इकाइयां समस्या के मूल कारण को स्पष्ट रूप में परिभाषित नहीं करते। इस कारणवश नेताओं, अधिकारियों व स्वार्थी जनता को तात्कालिक लाभ प्राप्त हो जाता है किंतु राष्ट्र की मौलिक समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जम्मू कश्मीर के संबंध में भी उक्त इकाइयों का यह विचार ही गहराई तक व्यर्थ है कि वहां की जनता भारतीय संविधान के अनुरूप शासन-प्रशासन की गतिविधियों में विश्वास रखती है। सर्वप्रथम उक्त इकाइयों को स्पष्ट करना होगा कि जनता के स्वरूप में वहां अधिसंख्या मुस्लिमों की है, जो किसी भी दृष्टि से भारतीय संविधान, भारतीय शासन-प्रशासन और हिन्दू जन-गण-मन को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं करती। ये जनसंख्या भाजपा को उसके विकास कार्यों, सुरक्षा, आतंक उन्मूलन नीतियों व कार्यों, इत्यादि सकारात्मक राष्ट्रीय कार्यों के लिए राजनीतिक समर्थन देगी, यह विचार ही भाजपा का थोथरा है। भले ही कांग्रेस समेत अधिकतर राजनीतिक दल, इनके संरक्षण वाले मीडिया हाउस, बुद्धिजीवी व समर्थक इस बात से भिज्ञ होकर भी अनभिज्ञ बनने की कुचेष्टा करने में लिप्त हैं, किंतु सच यही है। ऐसे में लोकतंत्र के नाम पर हिंदुओं को भाजपा से आशा थी कि वह 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद हिंदू हितों को ध्यान में रखकर राजनीतक कर्मदान करती। किंतु उसने ऐसा नहीं किया। भाजपा के प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास की धारणा अंगीकार कर ली। पांच वर्ष बाद 2019 में पुनः पहले से अधिक प्रचंड बहुमत के साथ सत्तारूढ़ होने पर हिंदुओं की आशा पुनः बिखरी, जब प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास में सबका विश्वास की उक्ति और जोड़ दी। हिंदू विचित्र मनःस्थिति से गुजरे कि जो हिंदू बहुमत के साथ प्रधानमंत्री को सत्ता की शक्ति, संसाधन, उपलब्ध करा रहे हैं, उनका उपयोग वे अहिंदू यानी मुस्लिमों को गणतांत्रिक रूप में प्रसन्न करने के लिए कर रहे हैं। मुस्लिमों की मंशा से अनभिज्ञ रहने की सुस्त इच्छा के कारण आज जम्मू कश्मीर में भाजपा के हाथ से राष्ट्रपति शासन की समयावधि में अर्जित शासकीय-प्रशासकीय उपलब्धियां रेत बनकर झड़ चुकी हैं। नेशनल कांग्रेस व कांग्रेस के गठबंधन में वर्षों पूर्व जैसी अराजकता प्रांत में मची थी, फिर उसकी आशंका मंडराने लगी है। नेशनल कांग्रेस के उमर अब्दुल्ला चुनाव में अपने दल को बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री बनने की राह पर हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

## ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दवाइयों की गुणवत्ता में सुधार हो

हाल ही में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कुछ दवाओं का क्वालिटी टेस्ट किया। इनमें लगभग 53 दवाओं की गुणवत्ता को फेल बताया, लेकिन उम्मीद है कि संबंधित दवाओं की कंपनियां इन दवाओं की गुणवत्ता में सुधार करेंगी। कुछ समय पहले हमारे देश की एक कंपनी द्वारा बनाए गए कफ सिरप उज्बेकिस्तान में वहां के कुछ बच्चों की जान के दुश्मन बन गए थे। हालांकि इसका कारण यह बताया गया कि यह सिरप बिना डॉक्टर की सलाह के बच्चों को दिया गया। कोई भी दवा कंपनी जब कोई दवा बनाती है तो वो कंपनी उस दवाई की गुणवत्ता की जांच उचित तरीकों से करती है, लेकिन लोग बिना डॉक्टर की सलाह के ही दवा ले लें, यह गलत है। फिर भी दवाओं की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए। *–महेंद्र विश्वकर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन ने 'नगा मानव खोपड़ी' की बिक्री रोकी


ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने 'नगा मानव खोपड़ी' को अपने 'लाइव ऑनलाइन बिक्री' की सूची से हटा लिया है। नीलामी गृह ने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों का संग्रह है। '19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा, 'ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है। दिवंगत लोगों के अवशेषों को सर्वोच्च सम्मान और आदर देने की हमारे लोगों की पारंपरिक प्रथा रही है।' फोरम फॉर नगा रिकॉन्सिलीएशन (एफएनआर) द्वारा इस मामले को लेकर चिंता जताने के बाद रियो ने विदेश मंत्री से यह मामला लंदन में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाने का अनुरोध किया।



## ऑफ बीट

### रुक-रुक कर उपवास से बचा जा सकता है अल्जाइमर से

जैसे–जैसे दुनिया की आबादी बढ़ती जा रही है, अल्जाइमर रोग तेजी से आम होता जा रहा है। अल्जाइमर रोग मनोभ्रंश का सबसे प्रचलित रूप है।



डिमेंशिया एक बीमारी है जिसका उपयोग उम्र के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में गिरावट से जुड़े लक्षणों की एक श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। लक्षणों में स्मृति हानि, संचार कठिनाइयाँ, समस्या–समाधान संघर्ष और व्यक्तित्व या व्यवहार परिवर्तन शामिल हैं। हाल के वर्षों में, अल्जाइमर रोग जैसी उम्र से संबंधित बीमारियों पर शोध के सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक मस्तिष्क में हानिकारक प्रोटीन का संचय रहा है। विशेष रूप से अमाइलॉइड। अमाइलॉइड अल्जाइमर रोग में अनुसंधान का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है क्योंकि इसका बढ़ना इस स्थिति के विकास से जुड़ा है। रोग प्रक्रिया में इसकी भागीदारी को समझना हमारे ज्ञान को आगे बढ़ाने और रोग के निदान, रोकथाम और उपचार के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अमाइलॉइड के संचय से प्लाक का निर्माण हो सकता है। ये प्लाक मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संचार में बाधा डाल सकते हैं। यह अंततः संज्ञानात्मक गिरावट और अल्जाइमर रोग से जुड़े अन्य लक्षणों में योगदान देता है।

## ट्रेंड

### विकसित भारत का संकल्प



हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### लोकतंत्र की जीत



जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहेदिल से शुक्रिया, प्रदेश में लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### कांशीराम को श्रद्धांजलि



बसपा के संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्हें विभिन्न रूपों में श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले पार्टी के लोगों व अनुयाइयों का तहेदिल से आभार।
**-मायावती, बसपा प्रमुख**

### तहेदिल से धन्यवाद



राष्ट्रीय पुरस्कार पाकर हम गौरवान्वित हैं, हृदय कृतज्ञता से उमड़ रहा है। इस सपने को साकार करने के लिए तहेदिल से धन्यवाद। 'कंतारा' जितनी आपकी कहानी है उतनी ही हमारी भी है। हम सदैव आभारी हैं।
**-ऋषभ शेट्टी, फिल्म निर्देशक**



वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे
## स्पेशल

पूरी दुनिया में 450 मिलियन लोग विभिन्न मनोरोगों से पीड़ित हैं। प्रत्येक 8 में से एक व्यक्ति मानसिक अस्वस्थता से ग्रस्त है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि मेंटल हेल्थ कितना सीरियस इश्यू है। इसीलिए आज (10 अक्टूबर) वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है, ताकि लोग अपनी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ का भी पूरा ध्यान रखें। इस बारे में हम आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# कहीं मन ना हो जाए बीमार

**अवेयरनेस**

**डॉ. गौरव गुप्ता**
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
तुलसी हेल्थकेयर, दिल्ली-गुरुग्राम


अगर आप अच्छे स्वास्थ्य का संबंध सिर्फ शारीरिक रोगों का ना होना मानते हैं, तो यह सोच सिर्फ एकतरफा है। तभी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अच्छे स्वास्थ्य की परिभाषा के अंतर्गत स्वस्थ शरीर के साथ-साथ उम्दा मानसिक स्वास्थ्य को भी शामिल किया है। वास्तव में मानसिक स्वास्थ्य का संबंध मस्तिष्क से होता है और मस्तिष्क ही पूरे शरीर को संचालित करता है, इसलिए इसका हेल्दी रहना सबसे जरूरी है।

### क्या है मानसिक स्वास्थ्य

अमेरिका स्थित हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार मौजूदा दौर की आपाधापी भरी तनावपूर्ण जिंदगी में मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति वही है, जो अपने तनाव का प्रबंधन कर जीवन के प्रति सकारात्मक और आशावादी दृष्टिकोण रखता है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति नकारात्मक भावों और निराशावादी विचारों को अपने दिमाग पर हावी नहीं होने देता। ऐसा व्यक्ति अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर पारिवारिक-सामाजिक और अपने व्यवसाय से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से अंजाम देता है। मानसिक स्वास्थ्य हर आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए आवश्यक है।

### मानसिक रोगों के प्रमुख कारण

- भावनात्मक समस्याएं जैसे रिश्तो में अलगाव या फिर किसी प्रिय व्यक्ति का निधन हो जाना।



- आर्थिक कारण जैसे बेरोजगार होना या फिर कारोबार का सही ढंग से ना चलना।
- पारिवारिक या सामाजिक विवाद।
- आनुवंशिक या जेनेटिक कारण।
- मस्तिष्क में न्यूरो केमिकल्स का असंतुलित होना।
- दिमाग में गहरी चोट लगना।
- मादक द्रव्यों का सेवन, जो अनेक लोगों में डिप्रेशन और एंग्जायटी आदि मनोरोगों को बढ़ा सकता है।

### मेंटली हेल्दी होने के लक्षण

- जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण।
- विभिन्न प्रकार के मनोरोगों जैसे अवसाद (डिप्रेशन), एंग्जायटी और सिजोफ्रेनिया आदि से मुक्त रहना।
- अपने कार्य को मनोयोग और तल्लीनता से उचित रूप से अंजाम देना।
- आत्मगौरव और दूसरों के प्रति प्रेमपूर्ण भाव रखना।
- नकारात्मक विचारों का अपने दिमाग पर हावी ना होने देना।
- वास्तविकताओं की पृष्ठभूमि में अपनी योजनाएं और लक्ष्यों को निर्धारित करना।
- दूसरों के विचारों का सम्मान करना और उनके साथ शिष्टाचार से पेश आना।
- परिवार और समाज के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन।

### तब होते हैं मानसिक रूप से बीमार



वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम अपने दिमाग को स्वस्थ कैसे रखें? इसका जवाब यह है कि जिन कारणों से हमारा दिमाग अस्वस्थ है या यूं कह लीजिए कि जिन नकारात्मक विचारों से संचालित हो रहा है, उन कारणों को दूर कर अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हासिल किया जा सकता है।

बावजूद इसके, अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने में सबसे बड़े अवरोधक तत्व कुछ मनोरोग हैं। उदाहरणस्वरूप अवसाद (डिप्रेशन), व्यक्तित्व से संबंधित विकार जैसे छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आना, निर्णय ना ले पाना, मूड डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया, तंत्रिका तंत्र से संबंधित स्थितियां जैसे किसी दुर्घटना का शिकार होना, किसी पारिवारिक या भावनात्मक समस्याओं के कारण दिमाग में गहरा सदमा पहुंचना और सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर आदि को मानसिक स्वास्थ्य में बाधक तत्व माना जाता है। इनके अंतर्गत एंग्जायटी डिसऑर्डर्स नामक बीमारियां भी शामिल हैं। एंग्जायटी डिसऑर्डर्स नामक बीमारियों में पैनिक अटैक यानी जैसे तेज घबराहट होना, दिल की धड़कन का तेज होना और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा मानसिक समस्याओं में ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। इस समस्या का एक प्रमुख लक्षण है- व्यर्थ की या ऊलजलूल बातों या कार्यों को बेवजह दोहराते जाना।

### गंभीर रोग है डिप्रेशन

मौजूदा दौर में मानसिक स्वास्थ्य में सबसे बड़ा बाधक तत्व अवसाद या डिप्रेशन है। अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार अकसर हम लोग किसी प्रतिकूल कारण से कभी ना कभी तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं, लेकिन कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। वास्तव में डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है। वह ऐसा महसूस करता है कि मानो उसके जीवन से सुखों और खुशियों ने हमेशा के लिए नाता तोड़ लिया हो।

**डिप्रेशन के लक्षण:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को हल्के (माइल्ड), मध्यम (मॉडरेट) और गंभीर (सीवियर) में विभाजित किया जाता है।

**माइल्ड और मॉडरेट सिंपटम्स:** इससे ग्रस्त व्यक्ति स्वयं को हताश और दुखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन नहीं लगता है। व्यक्ति लोगों से मिलने-जुलने से कतराता है। अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देता है। सेक्स की इच्छा कम होती जाती है। सोने की आदतों में बदलाव यानी या तो बहुत ज्यादा सोना या फिर कम सोना। खान-पान की आदतों में बदलाव हा सकता है यानी कुछ लोग ज्यादा खाने लगते हैं या फिर भूख से कम खाते हैं।

**सीवियर सिंपटम्स:** इससे ग्रस्त रोगी में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं। जैसे- सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देना। यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। जीवन जीने के लक्ष्य का खत्म हो जाना या फिर यह सोचना कि मेरी जिंदगी के अब सारे दरवाजे बंद हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना या फिर मृत्यु के बारे में सोचते रहना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है।

**डिप्रेशन का ट्रीटमेंट:** डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

इस मामले में एक बात याद रखें कि डिप्रेशन से कालांतर में आत्महत्या करने का विचार (सुसाइडल ट्रेंड) मन में कौंध सकता है। डिप्रेशन का पहला ट्रेंड है एंग्जायटी या मानसिक रूप से बेचैनी महसूस करना। दूसरा ट्रेंड है, सुसाइडल होना या मन में आत्महत्या का विचार आना। डिप्रेशन का तीसरा ट्रेंड है साइकोसिस होना। साइकोसिस में कोई व्यक्ति विभ्रम (हेल्यूशिनेशन) से ग्रस्त हो जाता है और यह स्थिति उसे मेडिकल भाषा में डील्यूशन (अनर्गल या बेवजह शक के विचारों से ग्रस्त होना) का शिकार बना सकती है।

### इन पर भी करें अमल

विभिन्न मनोरोगों के ट्रीटमेंट में सबसे पहले मरीज या उसके परिजनों को मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। मनोचिकित्सक मरीज की मानसिक स्थिति के अनुसार उसका इलाज करते हैं। इलाज के अंतर्गत दवाओं के अलावा या इनके साथ काउंसलिंग, कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी (जिसे संक्षेप में सीबीटी कहते हैं), वेंटिलेशन थेरेपी (जिसका यहां पर आशय अपने मन की बात को दूसरों के साथ साझा करना) आदि का सहारा लेते हैं।

### ऐसे रखें मन-मस्तिष्क को स्वस्थ

- जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। आशावादी सोच रखें।
- लोगों से सामाजिक संबंध बरकरार रखें।
- सक्रिय जीवन जिएं। पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हों।
- किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें, क्योंकि नशा करने से डिप्रेशन की समस्या बढ़ती है।
- कभी भी स्वचिकित्सा (सेल्फ मेडिकेशन) ना करें। मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर ही दवाएं लें।
- स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए।
- नियमित रूप से व्यायाम करें। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**


### तनाव प्रबंधन में योगाभ्यास है कारगर

**महर्षि यूरोपियन** रिसर्च यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स के अनुसार योग (योगासन, प्राणायाम और मेडिटेशन)



तनाव को नियंत्रित करने में सहायक है। तनाव को नियंत्रित करके या फिर तनावमुक्त होकर ही आपका मानसिक स्वास्थ्य उम्दा रह सकता है। योग से दिमागी संतुलन सही रहता है, आपका मन शांत रहता है और दिमाग में सकारात्मक विचार आते हैं। लेकिन योग शुरू करने से पहले योग विशेषज्ञ से परामर्श देना बेहतर है।

### भावनात्मक संतुलन मजबूत बनाए वृक्षासन



**अगर हमारी** भावनाएं सुखद और संतुलित नहीं होंगीं, तो हम हमेशा किसी ना किसी दुख या मानसिक परेशानी से जकड़े रहेंगे। दुख या परेशानियां हमेशा स्थूल रूप में ही नहीं होतीं, कई बार ये भावनात्मक रूप में भी होती हैं और अगर हमारी परेशानियां भावनात्मक हैं, तो इनसे छुटकारा पाना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। लगातार भावनात्मक असंतुलन में रहने के कारण हम गहरी निराशा में डूब जाते हैं और कई बार इसके चलते अवसाद के चंगुल में भी फंस जाते हैं। हम कहीं भावनात्मक अवसाद का शिकार तो नहीं हो रहे, इसे जांचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम परखें कि कहीं हम हर दिन ज्यादातर समय नाखुश या निराशा से भरे तो नहीं होते? अगर हां, तो यह खतरनाक हो सकता है और इससे बचने के लिए हमें रोज वृक्षासन करना चाहिए।

**वृक्षासन के फायदे:** वृक्षासन शारीरिक और मानसिक संतुलन निर्मित करने वाला आसन है। इससे शरीर और मन दोनों ही संतुलित रहते हैं। वृक्षासन करने से पैरों, टखनों, पिंडलियों, घुटनों और जांघों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आसन हमारी रीढ़ की हड्डी को भी मजबूत बनाता है। हिप्स के जोड़ों को लचीला और सुचारु बनाए रखने में भी यह बहुत मददगार होता है। नियमित रूप से वृक्षासन करने से आंखों, कानों और कंधों को मजबूती मिलती है। इससे छाती चौड़ी होती है, एकाग्रता बढ़ाने में और मूड को बेहतर बनाए रखने में भी यह मददगार होता है।

**आसन करने की विधि:** वृक्षासन करने का सबसे सही तरीका यह है कि ताड़ासन की मुद्रा में खड़े हो जाएं। इसके बाद दाएं घुटने को मोड़ें और दाएं पैर के पंजे को बाईं जांघ पर जितना ऊपर हो सके टिकाएं। ध्यान रखें, ऐसा करते समय एड़ियां ऊपर की तरफ हों और पंजे जमीन की तरफ दबाव डाल रहे हों। इस दौरान गहरी सांस लें और अपनी छाती को ऊपर उठाएं। अब धीरे-धीरे बाएं पैर पर सारे शरीर का वजन संतुलित करने की कोशिश करें। जब संतुलन सध जाए, तब बाजुओं को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं और सिर के सीधा ऊपर दोनों हथेलियों को आपस में नमस्कार की मुद्रा में जोड़ लें। इस मुद्रा में शुरुआत में संतुलन बनाना मुश्किल होता है। लेकिन धीरे-धीरे संतुलन बनने लगता है और कुछ दिनों के अभ्यास के बाद आप पलक झपकते ही ऐसा संतुलन साधने में माहिर हो जाएंगे। जब सिर के ऊपर दोनों हथेलियां नमस्कार की मुद्रा में जुड़ी हों, उस दौरान सामने की तरफ बिल्कुल 90 डिग्री में देखें और लगातार किसी एक जगह पर काफी देर तक देखते रहें। इससे आंखों की वर्जिश होती है और आंखों की रोशनी में सुधार होता है। शुरुआत में यह मुद्रा 30 से 40 सेकेंड तक रखें, इसके बाद धीरे-धीरे बढ़ाते रहें और जब तक आसानी से बिना दर्द ऐसा करना संभव हो, तब तक करें।

**रखें ध्यान:** वृक्षासन करने से पहले बद्धकोणासन, वीरभद्रासन और उत्थित त्रिकोणासन करना फायदेमंद होता है। जबकि वृक्षासन करने के बाद अर्ध बद्धपद्मोत्तासन तथा उत्थित हस्त पादंगुष्ठासन करना फायदेमंद होता है। अगर वृक्षासन करने में मुश्किल हो रही हो तो शुरुआत में दीवार से सटकर खड़ा हुआ जा सकता है यानी आसन करने के लिए दीवार का सहारा लिया जा सकता है। लेकिन अगर सिर में दर्द हो, लो या हाई ब्लड प्रेशर हो तो वृक्षासन करने से बचें। अगर अनिद्रा से पीड़ित हैं तो भी वृक्षासन करने से बचना चाहिए। अगर जांघों, पिंडलियों या टखनों में किसी किस्म का जख्म हो या छाती और कंधों में जरूरत से ज्यादा जकड़न हो, तो भी इस आसन को करने से बचना चाहिए।

**-दिव्यज्योति 'नंदन'**

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**

# अर्थराइटिस के दर्द से ऐसे मिलेगी आपको राहत



अर्थराइटिस आमतौर पर बढ़ती उम्र के लोगों को होने वाला ज्वाइंट्स से जुड़ा रोग है। हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। हालांकि इस रोग का कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। लेकिन अगर डॉक्टर की सलाह को पूरी तरह फॉलो किया जाए तो इससे काफी राहत मिल सकती है।

अर्थराइटिस शारीरिक जोड़ों से जुड़ी हुई एक गंभीर बीमारी है। लाखों लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, लेकिन कई लोग इसके लक्षण और उपचार के बारे में नहीं जानते हैं। ऐसे में अर्थराइटिस और उससे संबंधित रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 12 अक्टूबर को विश्व अर्थराइटिस दिवस मनाया जाता है। इससे बचाव और राहत के लिए आपको अर्थराइटिस के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।


**अर्थराइटिस क्या है:** अर्थराइटिस क्या है, इस बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, **डॉ. हेमंत बंसल** कहते हैं, 'यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें शरीर के जोड़ों में सूजन और दर्द होता है। यह कई प्रकार का हो सकता है, जिनमें ऑस्टियोअर्थराइटिस और रुमेटॉइड अर्थराइटिस सबसे आम प्रकार है। ऑस्टियोअर्थराइटिस बढ़ती उम्र से संबंधित जोड़ों की बीमारी है, जिसमें शरीर के जोड़ का कार्टिलेज धीरे-धीरे टूटता है, जिससे जोड़ की हड्डियां आपस में रगड़ खाने लगती हैं, जिससे सूजन, दर्द और जकड़न की समस्या होती है। यह आमतौर पर घुटनों, कूल्हों, रीढ़ की हड्डी, और हाथों में होता है। वहीं दूसरी ओर रूमेटॉइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपने ही जोड़ के ऊतकों पर हमला करता है, जिससे जोड़ों में सूजन और दर्द होता है, साथ ही यह अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। यह आमतौर पर हाथों, कलाई, घुटनों और कूल्हों में होता है। अर्थराइटिस की समस्या समय के साथ गंभीर होती जाती है, इसलिए इसके प्रति सतर्कता आवश्यक है।'

**रोग के कारण-लक्षण:** अर्थराइटिस की समस्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-आर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी, **डॉ. योगेश कुमार** डिटेल में बताते हैं, 'सबसे पहले, आनुवांशिकता एक प्रमुख कारक है। यदि आपके परिवार में अर्थराइटिस का इतिहास रहा है तो आपको भी इसका खतरा हो सकता है। उम्र भी एक महत्वपूर्ण कारक है, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ जोड़ कमजोर होने लगते हैं, जिससे ऑस्टियोअर्थराइटिस का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा, अधिक वजन होना, जोड़ों, विशेषकर घुटनों, कूल्हों और रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे दर्द और सूजन की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। संक्रमण भी कुछ मामलों में जोड़ में सूजन और दर्द पैदा कर सकता है। पुरानी चोट या जोड़ की चोट भी भविष्य में अर्थराइटिस का कारण बन सकती है। अर्थराइटिस के लक्षणों की बात की जाए तो इसमें आपको जोड़ों में दर्द और सूजन, सुबह के समय जोड़ का कड़कपन, लचीलेपन की कमी और जोड़ों में लालिमा और गर्मी महसूस होना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। ये लक्षण आपकी सामान्य दैनिक गतिविधियों में कठिनाई पैदा कर सकते हैं। ऐसे में अर्थराइटिस के कारणों और लक्षणों को समझना आवश्यक है जिससे इसका उचित प्रबंधन और उपचार किया जा सके।'

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** अर्थराइटिस से ग्रसित व्यक्तियों को और किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे उन्हें कम परेशानी हो, इस बारे में इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर, दिल्ली के कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, **डॉ. हितेश भंडारी** कहते हैं, 'ऐसे व्यक्तियों को आरामदायक और सपोर्ट देने वाले फुटवियर का उपयोग करना चाहिए। सही प्रकार के जूते पहनने से घुटनों और टखनों पर दबाव कम होता है। इसके अलावा चलने-फिरने में मदद करने के लिए वॉकर, कैन या विशेष कुर्सियों का उपयोग करने से भी अर्थराइटिस की समस्या में लाभ मिलता है। ये उपकरण जोड़ों पर दबाव कम करने और दैनिक कार्यों को आसान बनाने में सहायक होते हैं। आप अपने रोजमर्रा के कामों को आसान करने के लिए योजना बनाएं। जरूरत पड़ने पर काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करें और आवश्यकतानुसार ब्रेक लें ताकि जोड़ों पर अधिक दबाव ना पड़े। डॉक्टर की सलाह से विटामिन डी, कैल्शियम, और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे सप्लीमेंट्स का सेवन किया जा सकता है, जो हड्डियों और जोड़ों की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके कारण जोड़ों की सेहत स्वस्थ रहती है और सूजन को भी यह कम कर सकता है।' *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

### अर्थराइटिस पेशेंट ऐसे करें केयर



**अर्थराइटिस पेशेंट्स** कैसे अपनी केयर करें इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के डायरेक्टर एंड सीनियर कंसलटेंट-ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, **डॉ. बी. एस. मूर्ति** सलाह देते हैं, 'जोड़ों की देखभाल के लिए आपको सबसे पहले अपने वजन नियंत्रण पर ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि सही वजन बनाए रखने से जोड़ पर दबाव कम होता है, जिससे दर्द और सूजन में कमी आती है। नियमित रूप से हल्के व्यायाम, जैसे- योग, तैराकी और वॉकिंग करना जरूरी है। ये जोड़ की लचक और ताकत को बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही आहार में कैल्शियम, विटामिन डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ की मात्रा बढ़ाएं। अपना पोस्चर सही रखें, क्योंकि बैठने, खड़े होने और चलते समय सही पोस्चर से जोड़ पर दबाव कम होता है। डॉक्टर की सलाह पर दर्द निवारक और सूजन कम करने वाली दवाओं का सेवन करें। लंबे समय तक एक ही स्थिति में ना बैठें, बीच-बीच में उठकर थोड़ी स्ट्रेचिंग करें। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी जोड़ की लचक और ताकत को बढ़ाने में मदद करती है और दर्द को भी कम करती है। यदि अन्य उपचार प्रभावी नहीं होते हैं, तो डॉक्टर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसे विकल्प की सलाह दे सकते हैं। अर्थराइटिस को पूरी तरह से ठीक करना संभव नहीं है, लेकिन सही देखभाल और समय पर उपचार से इसके लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है।'

---

**सजेशन**

**डॉ. मोनिका शर्मा**

डिजिटलाइजेशन का सबसे बुरा असर हमारी आंखों पर पड़ रहा है। खासतौर पर इससे हमारे बच्चों की नजरें लगातार कमजोर हो रही हैं। ऐसे में आज वर्ल्ड साइट डे के अवसर पर नजरों को कमजोर होने से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में आपको बता रहे हैं।

# बच्चों की नजर ना हो कमजोर



हर साल अक्टूबर महीने के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। यह दिन दृष्टि और आंखों की सेहत से जुड़ी परेशानियों को समझने और संभाल-देखभाल को लेकर सजग रहने का संदेश लिए है। ऐसे में आंखों की स्वच्छता से लेकर समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लेने तक, हर पहलू पर सजग रहना जरूरी है। विशेष रूप से बच्चों की आंखों की सेहत से जुड़ी स्थितियों को लेकर सचेत रहना बेहद जरूरी है।

**चिंतनीय हैं आंकड़े:** द लैंसेट में पब्लिश एक स्टडी के अनुसार 2050 तक दुनिया की करीब आधी आबादी मायोपिया की बीमारी का शिकार हो सकती है। अध्ययन में सामने आया अनुमान एशियाई देशों के लोगों को डराने वाला है। इन देशों में 90 प्रतिशत बच्चे और एडल्ट मायोपिया से प्रभावित हैं। खासकर बच्चों में यह आई साइट से जुड़ी यह परेशानी तेजी से बढ़ी है। बचपन या टीन एज में ही दृष्टि दोष पैदा करने वाली यह समस्या आज 40 साल से कम एज वाली आबादी में धुंधलाती दृष्टि की बड़ी वजह बन गई है। समय रहते इसके कारणों पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही आंखों की देखभाल को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। घर के बच्चों को आंखों की केयर के बारे में समझाना बताना आवश्यक है। इतना ही नहीं क्लास रूम में बोर्ड धुंधला दिखने, सिर भारी रहने, आंखों में पानी आने और थकान महसूस होने जैसी परेशानियां बिना देरी किए बड़ों को बताने की समझाइश भी जरूरी है। गौरतलब है कि वर्ल्ड साइट डे 2024 की थीम भी 'लव योर आइज किड्स' ही है, जो विशेष रूप से बच्चों की कमजोर होती नजर को लेकर सचेत करने का संदेश लिए है।

**कई तरह से हार्मफुल:** आमतौर पर दृष्टि से जुड़ी परेशानियों को शरीर के एक अंग में हुई तकलीफ भर से जोड़कर देखा जाता है, जबकि नजर कमजोर होने और होते जाने के सोशल, इमोशनल और पर्सनल मोर्चे पर भी बहुत से नुकसान हैं। ऐसे में बच्चों का तो पूरा जीवन ही बहुत मानसिक और शारीरिक परेशानियों से घिर जाता है। बच्चे खेलने-कूदने से दूरी बनाने लगते हैं। कुछ नया सीखने में परेशानी होने लगती है। हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली सी स्थिति में पैरेंट्स का चेतना आवश्यक है। मेडिकल एडवाइस लेकर सही चश्मा, आईड्रॉप आदि चुनें। साथ ही अभिभावक बच्चों को आउटडोर एक्टिविटीज के लिए भी लेकर जाएं। अध्ययन बताते हैं कि जो बच्चे धूप में समय बिताते हैं, उनमें नजर कमजोर होने की परेशानी कम होती है।

**स्मार्ट गैजेट्स से बढ़ी परेशानी:** आज के टेक्निकल दौर में स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल से पूरी तरह दूर नहीं रहा जा सकता है। ऐसे में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए स्क्रीन स्क्रॉल करने के टाइम को सीमित करना ही एक हल है। बच्चों के मामले में अभिभावक इस ओर विशेष ध्यान दें कि आवश्यक काम के अलावा बच्चे बेवजह स्क्रीन में झांकते हुए समय बिताने से बचें। स्क्रीन को लंबे समय तक देखने से डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या होती है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी का अध्ययन कहता है कि जो बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, उनमें मायोपिया की समस्या होने का जोखिम ज्यादा होता है। इसलिए कंट्रोल्ड यूज जरूरी है। *

---

## भागीरथ चौधरी की अनुशंसा पर वर्षों पुरानी मांग पूरी, 2.50 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण के कायार्देश

राज्य की भाजपा की सरकार ने संसदीय क्षेत्र अजमेर के किशनगढ विधानसभा क्षेत्र में नई सड़कों की स्वीकृति को लेकर कार्य प्रारंभ कर दिया है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने तीन मुख्य सड़कें, जो जिला सीमा को जोडेगी, इसके साथ ही तिलोनिया तोलामाल रोड़ की स्वीकृति को लेकर अनुशंषा की थी। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार की ओर से उक्त सड़कों की स्वीकृति के बाद इनके कायार्देश जारी हो गए तथा जल्द ही किशनगढ विधानसभा क्षेत्र की इन सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण का कार्य होगा। कांकनियावास से जिला सीमा अजमेर - सिरोहीकला, गोली अजमेर जिला सीमा से ईंटाखोई, और बान्दरसिन्दरी से रहलाना जयपुर जिला सीमा को को जोडने को लेकर वर्षों से स्थानीय लोग मांग कर रहे थे।

# बैठक में दिखे सांसद बृजमोहन के कड़े तेवर, अधिकारियों को लगाई फटकार

### रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक में अनियमित निर्माण व यातायात समस्या पर जताई नाराजगी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की पंचम बैठक हुई। इसमें स्मार्ट सिटी के तहत किए गए कार्यों और निमार्णाधीन कार्यों के साथ ही राजधानी के यातायात को सुगम बनाने पर चर्चा की गई।

राजधानी में पिछले 8 सालों में स्मार्ट सिटी के तहत 312 परिजोनाओं पर कार्य किया गया। जिसमे 200 करोड़ की लागत से ट्रैफिक कमांड सेंटर का निर्माण हुआ है। शहर में 549 सीसीटीवी कैमरे लगे है जिसमे से 80 खराब हैं और 50 जंक्शन है जिसमे 8 खराब हैं। जिसपर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाते हुए 1 माह के भीतर सभी कैमरों और जंक्शन को शुरू करने के निर्देश दिए साथ ही ट्रैफिक लोड के अनुसार शहर के मुख्य जगहों का प्रति माह रिपोर्ट बनाने और उसके अनुसार ट्रैफिक संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में ट्रैफिक लाइट्स को दिल्ली की तरह सिंक्रोनाइज करने को कहा और डिवाइडर को भी जरूरत के मुताबिक बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस को जनता से यातायात नियम का पालन करवाने के लिए भी कहा और नियम तोड़ने वालों का चालान करने को कहा है। शांति नगर और पंडरी मार्केट स्थित क्राफ्ट मार्केट में बन रहे कॉम्प्लेक्स पर बृजमोहन अग्रवाल ने सवाल उठाया उनका कहना है कि कॉम्प्लेक्स बन जाने से क्षेत्र में यातायात में असुविधा होगी जिसको देखते हुए कॉम्प्लेक्स को कहीं और शिफ्ट करने की निर्देश की। इतना ही नहीं बृजमोहन अग्रवाल ने शहर में 5 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा भूमि पर बनने वाले कमर्शियल निर्माण के लिए यातायात पुलिस से भी एनओसी लेने के लिए नियम बनाने को कहा। शहर के 41 तालाबों और 42 उद्यानों के पुनर्विकास में हुई लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा की सभी अधिकारी शहर को बेहतर बनाने के लिए ईमानदारी से काम करें वरना दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अग्रवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों को शहर में अंडरग्राउड बिजली व्यवस्था के तहत लगाए गए डीपी बॉक्स को सही तरीके से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। फिलहाल डीपी बॉक्स बहुत पास-पास लगे है जिससे यातायात में समस्या आती है।

# साईबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : जस्टिस प्रशांत मिश्रा

### साईबर सुरक्षा व जल संरक्षण को लेकर रायगढ़ में आयोजित हुई कार्यशाला

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । साईबर सुरक्षा और जल संरक्षण को लेकर रायगढ़ नगर निगम ऑडिटोरियम में गुरुवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों में साईबर सुरक्षा और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, जिला न्यायालय से सभी न्यायाधीश, जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि साईबर जागरूकता एवं जल संरक्षण यह दो ऐसे विषय है जो आज के समय में हम सभी के जीवन से सीधे तौर से जुड़े हुए है। साईबर अपराधों से बचाव के लिए इसके बारे में जागरूक होना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। आज टेक्नालॉजी तेजी से विकसित हो रही है। ऐसे में स्वयं को अपडेट रखना और साईबर अपराधों से जुड़ी जानकारी व उससे बचाव के तरीकों को अमल में लाकर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने अपने आसपास के वाकये बताते हुए कहा कि साईबर ठग लोगों को ज्यूडशरी से जुड़े लोगों के नाम पर भी ठगने का प्रयास करते है। ऐसे मामलों में सतर्कता व सुझबुझ से काम लेना जरूरी है। उन्होंने जल संरक्षण को लेकर कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है। जागरूकता के साथ ही जल संरक्षण के उपायों को अमल में लाकर ही हम अपने आसपास एक बेहतर वातावरण निर्मित कर सकते है। इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है।

# पानी पर चलने के दावे की पोल खुली, तालाब में डूबने लगे बाबा तो गोताखोरों ने बचाई जान...

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । राजधानी से सटे आरंग इलाके में एक चौंकाने वाला और हास्यास्पद मामला सामने आया है, जहां एक बाबा के पानी के ऊपर चलने के दावे की पोल लोगों के सामने खुल गई। इस तथाकथित चमत्कार को देखने के लिए मौके पर तहसीलदार, पटवारी और थाना प्रभारी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए थे। लेकिन जैसे ही बाबा ने तालाब में कदम रखा, वह पानी पर चलने की बजाय तैरने लगे। बाबा की असफलता देखकर भीड़ में शोर मच गया और लोग इसे अंधविश्वास करार देने लगे।

### पानी पर चलने का दावा, तैरते हुए पोल खुली

यह मामला रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के आरंग विधानसभा अंतर्गत ग्राम कठिया का है। यहां के बाबा शिवदास बंजारे ने यह दावा किया था कि उनके पास दिव्य शक्तियां हैं, जिनकी मदद से वह पैदल चलते हुए तालाब को पार कर सकते हैं। बाबा ने यह भी कहा था कि वह जलते अंगारों पर चल सकते हैं और बिना तेल के सब्जी-खाना बना सकते हैं। बाबा के इस चमत्कारिक दावे को देखने के लिए ग्रामीणों ने 10 अक्टूबर की तारीख तय की थी। जैसे ही यह खबर आस-पास के गांवों तक पहुंची, भारी संख्या में लोग बाबा का चमत्कार देखने के लिए कठिया के तालाब के पास एकत्र हो गए। गुरुवार की शाम तालाब के किनारे हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा अपने समर्थकों के साथ तालाब पर पहुंचे और पानी पर चलने का प्रदर्शन करने लगे। लेकिन जैसे ही उन्होंने पानी में कदम रखा, वह पानी के ऊपर चलने के बजाय तैरने लगे, जिससे उनका दावा झूठा साबित हो गया।

### डूबते बाबा की गोताखोरों ने बचाई जान

भीड़ की हंसी-ठिठोली और आलोचना के बीच, बाबा ने तालाब को तैरते हुए पार करने की कोशिश की। लेकिन कुछ दूरी पर जाने के बाद गहरे पानी में जाकर बाबा डूबने लगे। सौभाग्य से, प्रशासन ने गोताखोरों की एक टीम को पहले से मौके पर तैनात किया था, जिन्होंने तालाब में कूदकर डूबते हुए बाबा की जान बचाई।

# नक्सलियों की आईईडी में पैर गंवाने वाले पीड़ितों को मिला कृत्रिम पैर का सम्बल

### आभार जताने उपमुख्यमंत्री शर्मा के निवास पहुंचे नक्सल पीड़ित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। वनोपज संग्रहण या खेती कार्य जैसे अपनी दैनिक जीवनचर्या के बीच जंगलों के रास्ते गुजरते समय नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट की अलग-अलग घटनाओं में अपना पैर गंवाकर अपाहिज की दर्दभरी जिंदगी जी रहे बस्तर के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कृत्रिम पैर का संबल मिल रहा है। पहले चरण में नक्सल हिंसा प्रभावित ऐसे 6 लोगों को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाकर चलने की ट्रेनिंग दी गई। आईईडी ब्लास्ट में पैर खोने के बाद से चलने फिरने के लिए दूसरों पर निर्भर हो गए ये लोग अब कृत्रिम पैर पाकर इतने उत्साहित हैं कि खुद अपने पैरों से चलकर आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास अपनी खुशी व्यक्त करने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र के लगभग 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर विगत सितंबर माह में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें आप बीती बताते हुए बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वहीं दिल्ली से लौटकर वे आए तो उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में एक-एक पीड़ितों से बात कर उनका हालचाल जाना था और उनका हौसला बढ़ाया था और आईईडी ब्लास्ट में पैर गवा चुके पीड़ितों के कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश दिए थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निदेर्शानुसार आईईडी ब्लास्ट में अपने अंग खोने वाले ग्रामीणों का समाज कल्याण विभाग के सहयोग से ऐसे नक्सल हिंसा पीड़ितों को कृत्रिम अंग लगाने की शुरूआत हो गई है।


## न्यायालय तहसीलदार लटोरी के न्यायालय में

**मामला क्रमांक: 202406260100018/0**

विषयः- अ-19(1)

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सन्- 2023-2024

संजयनगर प.ह.न. 00027 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -विनय कुमार प्रादेशिक प्रबंधक भारत पेट्रोलियम कापोरेशन लि.,

अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

### ईश्तहार

प्रति 1. ग्राम पंचायत पण्डौनगर तहसील लटौरी,

आवेदक श्री विनय कुमार प्रादेशिक प्रबंधक भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला सूरजपुर एवं सरगुजा क्षेत्र में गैस के वितरण हेतु एल.पी.एन.जी. सह मदर स्टेशन की स्थापना हेतु ग्राम पंडोनगर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 414, 415, 416, 417, 418, 419/1 रकबा 1.13 हे0 भूमि को भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को लीज पर प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण में जांच प्रतिवेदन अंकित कर वरिष्ठ न्यायालय को प्रेषित किया गया था जिसमें आपत्ति के निराकरण हेतु पुनः वापस प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/10/2024 को स्वतः उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। मौन स्वीकृति मानते हुए अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। प्रतिलिपि- संपादक, दैनिक समाचार पत्र में आवेदक पक्ष द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने पर समाचार पत्र में प्रकाशन करने का कष्ट करें। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार लटोरी

जिला सूरजपुर छ०ग०


# कांग्रेस का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## जीत के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने बनाया प्लान

### नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव पर विशेष फोकस

पृथ्वीलाल केशरी

प्रतिनिधि

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजगंज//पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस वर्ष नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव होने वाले हैं उक्त चुनाव को लेकर अपने नाराज कार्यकताओं को मनाने में जुटी है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस अपनी रणनीति पर काम कर रही है नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस का फोकस अपनी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं की नाराजगी दूर करने में लगीं हुई है। यही कारण है कि पार्टी जिला स्तरीय सम्मेलन कर कार्यकताओं को एकजुट करने की कोशिश कर रही हैं। जिला मुख्यालय बलरामपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव जिला कांग्रेस कमेटी भवन में पहुंचे जहां जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ जयकारा लगाते हुए माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के निवेदन पर गुरुवार के दिन नवरात्र के अष्टमी तिथि पर विधवत पूजा अर्चना कर जिला अध्यक्ष चेंबर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात उन्होंने हाल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे सिंहदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकताओं को सम्मेलन के माध्यम से जोड़ने का काम किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से कार्यकताओं के बीच पहुंच कर हम कार्यकताओं के साथ कार्य योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकताओं को सम्मेलन के माध्यम से फिर से रिचार्ज करने का काम कर रही है। साथ ही सम्मेलन में कार्यकताओं से फीडबैक भी लेने का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ बूथ स्तर पर भी कार्यकताओं को अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि साल 2024 एवं 2025 के नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में जीतने के लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे इसके लिए कार्यकताओं का एक जुट होना जरूरी है। वहीं चुनाव को लेकर कार्यकताओं में बेहद उत्साह है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में गत दिनों गिरौदपुरी से रायपुर तक लगभग 130 किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की थी। जिसमें हर सप्ताह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश में जनसमस्याओं से लेकर शासन की विफलताओं के संबंध में लगातार धरना-प्रदर्शन किया गया। आगे भी पद यात्रा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी सरकार की विफलताओं को आम जनता के बीच बताने का भरपूर प्रयास करेंगी। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, मेडिकल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ.प्रीतम राम, के.पी.सिंहदेव, जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह, हरिहर यादव, अजय गुप्ता, दिनेश यादव, रिपुजीत सिंह, हरीश मिश्रा, मधु गुप्ता, विजय पैकरा, खोरेन खलखो, अशोक सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, महामंत्री जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, नन्हेंलाल गुप्ता, मुन्ना गुप्ता संजीव गुप्ता, अजय सोनी सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष भरे हुए थे।

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 9 महीने में जनता के लिए कुछ अच्छा नहीं कर पाई

### उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंह देव ने कहा कि

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पिछले 9 महीना में छत्तीसगढ़ के जनता के हितों में कुछ अच्छा नहीं कर पाई है। हमें सरकार के काम में कमियों और खामियों को जनता के बीच लेकर जाना है और नगरीय निकाय से लेकर पंचायत चुनाव में अपने पक्ष के प्रतिनिधियों को जीतने का प्रयास करना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार रहने के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मनमर्जी की जा रही है। बलरामपुर में वोटर लिस्ट को लेकर जो कुछ भी हुआ है उस पर राज्य निर्वाचन आयोग से लेकर स्थानीय कलेक्टर से भी चर्चा कर समस्या का निराकरण करेंगे। परंतु कार्यकर्ता हर मोर्चे पर सरकार के नाकामियों को आम जनता तक लेकर जाएं तभी हमें सफलता हासिल होगी। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सामरी प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने जो मेहनत की और जो ताकत दिखाई उसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद जिम्मेदारियों से मुक्त होकर आपके साथ आने वाले समय में काम करता रहूंगा हर ब्लॉक में दो से तीन बार दौरा कर लोगों से संगठन के साथ मेल-जोल बढ़ाकर मिलजुल कर सब एकजुट होकर कार्य करेंगे।

### मेरे लिए सौभाग्य की बात है जो आप हमें अपना मुखिया मानते हैं

उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में हम अपनी सरकार नहीं बना सके लेकिन पंचायत और नगरीय निकाय में एकजुटता से लड़ेंगे और अपनी सरकार पंचायत जनपद पंचायत जिला पंचायत नगरीय निकाय में हम बना कर रहेंगे। आगे उन्होंने कहा कि उम्मीदवार मैं या कोई वरिष्ठ तय नहीं करेंगे, उम्मीदवारों का चयन आप सबों को करना है मिल बैठकर आप तय करें। मेरा या सौभाग्य है कि आप सब मुझे अपना मुखिया मानते हैं।

### संगठन से ही है हम सबों का पहचान-डॉ. तिर्की

अंबिकापुर नगर निगम के महापौर डॉ.अजय तिर्की ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि कार्यकर्ता की बात पदाधिकारी सुने उनके समस्याओं का समाधान करें और उनका निराकरण करें। डॉ अजय तिर्की ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराज साहब का विरोध हर उस निष्ठावान कार्यकर्ता का विरोध है जब कोई महाराज साहब का विरोध करता है तो वह कांग्रेस के हर कार्यकर्ता का विरोध करता है और ऐसे व्यक्ति जब रामानुजगंज आते हैं तो उनका माला से स्वागत होता है, महाराज साहब हम सबके मुखिया हैं और मुखिया की बात जब परिवार के लोग नहीं मानते हैं तो घर बिखरने लगता है हमें संगठन मजबूत करना है तो हमें अपने मुखिया की बात माननी चाहिए संगठन है तभी हम सब हैं।

### प्रेरणादायक है टी.एस. सिंहदेव -राजेंद्र तिवारी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने स्वागत उद्बोधन में कहा की हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ में अति विशिष्ट रखने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री हमारे मार्गदर्शक हैं हम सबों को इनसे प्रेरणा मिलती है आने वाले समय में बेहतर परिणाम के लिए हम सबको अपनी एकजुटता दिखानी होगी और जब हम सब एकजुट होकर काम करेंगे तो बेहतर परिणाम ही आएंगे, जिला कांग्रेस कार्यालय के लिए सुविधा मुहैया कराने के लिए टी.एस.सिंहदेव जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि 2 लाख रुपए की बड़ी राशि देकर उन्होंने कार्यालय के लिए निर्माण पक्ष आवश्यक सुविधाओं को जताने में बड़ा योगदान दिया है जिसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी उनके आभारी है।

# चेकिंग अभियान चलाकर बिजली विभाग ने वसूले 17 लाख

### 87 बकाएदारों के तो मौके पर काट दिए कनेक्शन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। बिजली अभियंताओं ने बकाया वसूली के लिए गुरुवार को शहर के कई हिस्सों में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। गोमती नगर के विराम खंड, सहारा बाजार व ग्वारी गांव में 17 बिजली के बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। अधीक्षण अभियंता आशीष सिन्हा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में साढ़े पांच लाख से अधिक का राजस्व वसूला गया। अधिशासी अभियंता धीरज ने बताया कि यह अभियान चलता रहेगा। वहीं चिनहट में अधिशासी अभियंता खालिद सिद्दीकी के निर्देश पर 87 बकायेदारों के कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। यहां 102 उपभोक्ताओं ने 11.40 लाख रुपये बकाया जमा किया। दोनों खंडों में 17 लाख से अधिक राजस्व आया। विश्वास खंड के उपखंड अधिकारी शुभम सिंह, जेई रमेश सिंह की टीमों ने अभियान के दौरान ग्वारी गांव में कलावती के यहां जब जांच की तो उनके परिसर पर एक लाख तेरह हजार बकाया पाया। इनका मीटर व सर्विस केबल उखाड़ लिया गया। शुभम ने बताया कि देर शाम तक कुछ बकायेदारों ने अपना बकाया जमा कर दिया, जिस पर उनके कनेक्शन जुड़वा दिए गए।


## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला- सरगुजा

रा.प्र.क्र........./ब-121/2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सौरभ गुप्ता आ0 स्व0 अजय गुप्ता निवासी ब्रम्ह रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला- सरगुजा द्वारा मोहल्ला शीतला वार्ड नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3355/11 रकबा 1143.45 वर्गफीट भूमि से भू-तल पर रकबा 75.40 वर्गमीटर एवं प्रथम तल पर रकबा 75.45 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण कराना चाहता है। आवेदक ने अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र भवन निर्माण शाखा में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-14/10/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर



## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा.प्र.क्र........../अ-6/2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कामिनी गुप्ता पत्नी स्व0 अजय गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता आ0 स्व0 अजय गुप्ता दोनों जाति केशरवानी निवासी ब्रम्ह रोड़ अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला ब्रम्हरोड़ नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 908/2, 921/1, 922/1 रकबा क्रमशः 0.02,1/2, 0.04, 0.03 एकड़ भूमि शीतला वार्ड स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 3355/2 रकबा 167.35 वर्गफीट एवं ब्रम्हपारा स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3242/5 रकबा 0.01,1/2 एकड़ भूमि के खातेदार अजय गुप्ता की दिनांक 1/2/2024 को मृत्यु हो जाने के कारण खाते से मृतक का नाम विलोपित कराने हेतु फौती नामांतरण आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ मेंटनेन्स खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-14/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

अम्बिकापुर

# दशहरा पर्व पर आज निकलेगी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम दरबार की भव्य शोभायात्रा

0 स्टेडियम ग्राउंड में होगा 60 फिट के विशालकाय रावण के पुतले का दहन
0 दशहरा आयोजन समिति के द्वारा की गौ व्यापक तैयारियां





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** परंपरा के अनुसार विजयदशमी के पावन पर्व पर यहां धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर भगवान श्री राम जानकी की भव्य शोभयात्रा निकाली जाएगी और स्टेडियम ग्राउंड में रावण, कुम्हकर्ण व मेघनाथ के विशालकाय पुतलो का दहन होगा। इस भव्य आयोजन को लेकर जिला मुख्यालय के हाई स्कूल स्थित अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में सूरजपुर सेवा समिति के द्वारा दशहरा महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। करीब एक सप्ताह से की जा रही उक्त तैयारी पूर्ण हो चुकी है। आयोजन के दौरान होने वाले रंगारंग कार्यक्रम व धमाकेदार आतिशबाजी को देखने जिले भर से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते है कार्यक्रम में आने वाले लोगो की सुविधाओं के दृष्टिगत स्टेडियम ग्राउंड में बेरिकेटिंग लगाई गई है वहीं जालीदार तार से घेराबंदी कर दर्शक दीर्घा का निर्माण किया गया है। दशहरा उत्सव के लिए गठित सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल व सचिव रामकृष्ण ओझा ने बताया कि सायं सात बजे स्टेडियम ग्राउंड में 60 फिट के रावण और 45 फिट के कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया जायेगा। नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक के उपरांत समस्त तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आवश्यक जिम्मेदारियां दी गई। वहीं महोत्सव में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, अति विशिष्ठ अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा नपा अध्यक्ष केके अग्रवाल, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे, जिपं सीईओ नंदिनी साहू, डीएफओ पंकज कमल होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल करेंगे। आयोजन में शहर के समस्त दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी भी अतिथि होंगे।

आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारियों में मुकेश गर्ग, प्रवेश गोयल ,रितेश गुप्ता, पुनित गुप्ता, श्रवण चौरड़िया, संजय डोसी, सुरेन्द्र राजवाड़े, आनंद सोनी सहित नगर की समस्त दुर्गा पूजा समितियां दशहरा महोत्सव में सक्रिय हैं।

**उज्जैन के डमरू ताशा व यूपी की राम झांकी होगी विशेष**

दशहरा पर्व पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री राम जानकी दरबार की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। भैयाथान रोड स्थित अग्रसेन भवन से प्रारंभ शोभायात्रा में महाकाल प्रभु की नगरी उज्जैन से आये डमरू व् ताशा की टोली के साथ शिव तांडव एवं यूपी से आये कलाकारों के द्वारा राम दरबार की भव्य व आकर्षक झांकी की प्रसूति होगी जो विशेष आकर्षण होगा। भगवान श्रीराम की भव्य व विशाल झांकी नगर के समस्त मुख्य मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल स्टेडियम ग्राउंड पहुंचेगी। जहां प्रभू श्रीराम की सपरिवार पूजा-अर्चना पश्चात राम रावण युद्ध का मंचन किया जाएगा। जिसके बाद रंगबिरंगी आतिशबाजी के साथ असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक स्वरूप विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी। आयोजन को लेकर उत्साह का वातावरण है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

चैतन्य रूपो में माँ दुर्गा के नौ रूपो को किया गया है प्रदर्शित



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** यहां स्टेट बैंक के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी का तीसरे दिवस का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवेश गोयल, अशोक अग्रवाल, आर एस मिश्रा, ब्रह्माकुमारी मंजू बहन एवं मनोहर सोनी द्वारा किया गया। वहीं चौथे दिवस की झांकी का उद्घाटन एसडीम जगन्नाथ वर्मा , समाजसेवी श्रवण जैन, विक्रम सोनी, सुरेश अग्रवाल बाबू, श्याम सुंदर डालमिया, विजय सोनी, ब्रह्माकुमारी मंजू आर एस मिश्रा , द्वारा किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां स्टेट बैंक के बगल में चैतन्य देवियो की झांकी का आयोजन किया गया है। जिसमें मां दुर्गा का नौ रूपों कोअलग-अलग चैतन्य रूपों में दिखाया गया है मां दुर्गा मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, मां गायत्री मां वैष्णवी, मां महाकाली, मां संतोषी देवी, शिव शक्ति अलग-अलग रूप को दशार्या गया है साथ में बगल में एक आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है इन चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से कैसे हम अपने जीवन को इन देवियों के समान एकाग्र बुद्धि एवं देवी गुण वाले एवं विकारों से मुक्त कैसे श्रेष्ठ जीवन बना सके, आज के मानव के अंदर एकाग्रता की कमी के कारण मन में अनेक प्रकार के मानसिक टेंशन है जिससे जीवन में दुख शांति अनेक प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है इन समस्याओं से कैसे मुक्त हो सके उसके लिए आध्यात्मिक ज्ञान बहुत जरूरी है जिससे स्वयं की पहचान एवं परमात्मा का सत्य परिचय मिलता है।

राजयोग अभ्यास द्वारा जीवन में सुख, शांति, आनंद की प्राप्ति होती है। मानसिक टेंशन दूर करने के लिए निशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर का भी आयोजन किया गया है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सजाई गई चैतन्य देवियों की आकर्षक व मनोहारी झांकी को देखने उत्साह के साथ प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास क्षेत्र के लोग पहुंच रहे है।

## महाविद्यालय में किया गया ऑनलाइन कैरियर गाइडेंस का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**सूरजपुर।** शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर में छात्र-छात्राओं को जूम एप के माध्यम से ऑनलाइन कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डी पी कोरी ने बताया कि एस वी वेल्थ पार्टनर नई दिल्ली के द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम कराया गया। जिसमे मुख्य वक्ता डॉक्टर सुनील शर्मा के द्वारा छात्र-छात्राओं को शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी दी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एवं मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के मुख्य उद्देश्य को बताया गया किस प्रकार आजकल ऑनलाइन ठगी से लोग शिकार हो रहे हैं इससे भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया बिना सोचे समझे अपना पैसा इन्वेस्ट ना करें कंपनी का पूरा पता होने के बाद भी अपने पैसा को लगाना चाहिए म्युचुअल फंड के बारे मे विस्तार से बताया गया छात्र-छात्राओं के द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से कुरी किया गया जिसका समाधान मुख्य वक्ता के द्वारा किया गया ऑनलाइन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कहा गया की किस प्रकार अपने भविष्य मे कैरियर का चयन किया जाना है सावधान होकर अपना पहले प्लान तैयार करें और फिर आगे बढ़े इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता कर्मचारी एवं सभी छात्र-छात्राएं ऑनलाइन उपस्थित थे।

# अदृश्य ताकत के इशारे पर सारे नियम कानून को तक में रखकर संचालित किया जा रहा है भटगांव में मीना बाजार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**
**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में अदृश्य ताकत के बल पर शासन, प्रशासन, पुलिस, फायर डिपार्टमेंट के आदेश और एस ओ पी को दरकिनार करके मीना बाजार संचालित किया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब कोई भी संबंधित अधिकारी मीना बाजार संचालक को नियमों का पालन करने की हिदायत देने जाता है तो उसके द्वारा उन्हें बेइज्जत करके भगा दिया जा रहा है जिसका 3 वीडिओ शोसल मीडिया मे वायरल हो रहा है। न जाने किसी अदृश्य शक्ति की वजह से उक्त मीना बाजार संचालक के सामने सभी संबंधित अधिकारी असहाय में और मजबूर दिख रहे हैं। प्रशासन के सख्त आदेश के बाद भी रात के 10 बजे के बाद धड़ल्ले से ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हुए मीना बाजार का संचालन असुरक्षित ढंग से किया जा रहा है। मीना बाजार संचालक की मनमानी तथा सुरक्षा उपाय की अनदेखी पर भटगांव तहसीलदार तथा नगर पंचायत सीएमओ ने अनुविभागी अधिकारी को पत्र लिखकर मीना बाजार संचालन के आदेश को संशोधित करने हेतु पत्र लिखा है। *किस आधार पर दी गई मीना बाजार लगाने की अनुमति* भटगांव में हमराज फनफ़ेयर प्रदर्शनी मेले भटगांव सामुदायिक भवन के समीप लगाया गया। जिसमे बिजली से चलने वाले विशालकाय झूलों को बिना किसी सुरक्षा मापदंडों को देखे बिना ही लगा दिया गया है। जिसके आस पास सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं।

इमरजेंसी इवैक्यूएशन प्लान(ईओपी) एक सर्व-खतरे वाली योजना है, जिसका अर्थ है कि यह परिसर को प्रभावित करने वाली किसी भी घटना के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया रूपरेखा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन है इसके होने से समय रहते सभी को सुरक्षित तरीक़े से बाहर निकाला जा सकता है। जो इस मीना बाजार मे कही नहीं है सिर्फ एक छोटा सा दरवाजा है जो स्टॉफ के आने जाने के लिए है और न ही कही एमरजैंसी एग्जिट का बोर्ड लगा है।

**ध्वनि नियंत्रण मापदंडों के अनुरूप नहीं बज रहे लाउडस्पीकर**

शासन के निर्देश में स्पष्ट रूप से 45 डेसिबेल ध्वनि से अधिक ध्वनि पर बज रहे लाउड स्पीकर, लाऊडस्पीकरों का खुले आम मापदंडों से अधिक का प्रयोग कर कोलाहल नियंत्रण कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। मनोरंजन, व्यापार, स्वास्थ्य, पेट्रोल पंप, खाने, नास्ते की होटल और टॉकीज जैसी सरकारी और निजी संस्था में आम जनता के लिए पीने के पानी और निस्तार के लिए बाथरुम और टॉयलेट की व्यवस्था होती है वही वर्तमान में संचालित मीना बाजार में ना तो निशुल्क पानी मिल रही है और ना ही टॉयलेट की उचित व्यवस्था संचालक मंडल के द्वारा व्यवस्था किया गया है।

**दूषित खाद्य सामग्री के साथ उपयोग हो रहा है घरेलू गैस सिलेंडर**

मीना बाजार स्थल के अंदर और बाहर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करके गंदगी के बीच खाद्य सामग्री बेची जा रही है। गंदगी व उड़ने वाली धूल से जनस्वास्थ्य के साथ खुलेआम इस खिलवाड़ किया जा रहा है। जबकि मीना बाजार संचालन की अनुमति पत्र में परिसर के साफ-सफाई के संपूर्ण जिम्मेदारी मीना बाजार संचालक को दी गई है ।

**नियम शर्तों का पालन करने गए अधिकारी के साथ बदतमीजी करने का वीडियो वायरल है सोशल मीडिया में**

**हादसे को बुलावा दे रहा झूला**

ड्रैगन व जिएंट व्हील जैसे झुला भी इस मेले मे लाया गया है जिसमे क्षमता से ज्यादा आदमीयों को झूलते हुवे देखा जा रहा है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सभी झूलो में कोई भी सुरक्षा उपकरण या सेफ्टी बेल्ट नहीं लगाये गए हैं और न ही झूलो की किसी सक्षम अधिकारी से कोई भी जाँच करायी गई है। जिससे कभी भी बड़े हादसा होने का डर लोगो को बना रहता है। मीना बाजार के संचालन के लिए रात्रि 10 बजे तक का समय भी शामिल है परंतु रात्रि 10 बजे के बाद भी मीना बाजार बेखौफ संचालित है आखिर क्यों ? क्या झूला लगाने वाले मनोरंजन के नाम पर आधी रात तक खुलेआम चल रहा है। *नियम और शर्तो को दरकिनार देर रात तक चलता रहा मीना बाजार॰* जब से मीना बाजार भटगांव नगर में चल रहा है तब से लगातार सरकारी आदेश की धज्जियां मीना बाजार संचालक द्वारा रोजाना उड़ाई जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी अपने ही दिए गए आदेश की अवहेलना होने पर भी कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। मीना बाजार संचालकों के द्वारा अधिकारियों को अपमानित करने और उनके साथ बदतमीजी करने का दो-तीन वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।बता दें की मीना बाजार संचालक को सशर्त अनुमति दी गई है। लेकिन मीना बाजार संचालक नियम शर्त का पालन नहीं कर रहा है। न जाने किसी अदृश्य शक्ति की वजह से सक्षम अधिकारी भी मीना बाजार संचालक से खौफ खा रहे हैं। *एस.ओ.पी का यहाँ क्यों नहीं हो रहा पालन ?* देश के उत्तर प्रदेश के हाथरस सतसंघ में हुई घटना में 121 लोगो की मृत्यु के पश्चात, प्रत्येक राज्य सरकारों के द्वारा एस.ओ.पी जारी किया गया था जिसके तहत किसी भी बंद स्थल में सभा या बाजार के संचालन की अनुमति हेतु बाजार स्थल का फूल ले-आउट, प्रवेश -निकासी के कई द्वार, दुकानों की संख्या, बाजार मे संचालित आइटम का नाम, प्रति घटे एक साथ बाजार स्थल में लोगो के घूमने की क्षमता, पार्किंग, ग्रीन कोरिडोर, कार्यक्रम से संबंधित विभागों में समन्वय, जिला प्रशासनिक समिति का स्थल निरीक्षण एवं किसी भी प्रकार की घटना- दुर्घटना का आकलन रिपोर्ट जैसे कई सुरक्षा के मापदंड के अंतर्गत दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है तो फिर मीना बाजार संचालक को अनिवार्य दस्तावेज जमा न करने पर भी प्रशासनिक अनुमति कैस प्रदान की गई।

**क्या कहते है जिम्मेदार**

मीना बाजार की अव्यवस्था तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण 5000 का जुर्माना लगाया गया है तथा एसडीएम साहब को उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है मीना बाजार संचालन की अनुमति उन्हीं के द्वारा दी गई है।

**-राजेश कुशवाहा, सी एम ओ, नगर पंचायत भटगांव, जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़**

पब्लिक की शिकायत पर हम लोग मीना बाजार का निरीक्षण किए हैं तथा कई कई अनियमित्ता सामने आई। मीना बाजार संचालन की अनुमति एसडीएम साहब ने दी है इसलिए उसके खिलाफ उचित कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन बनाकर एसडीएम भैयाथान की ओर प्रेषित किया गया है।

**-शिवनारायण राठिया, तहसीलदार भटगांव, जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़**

भटगांव मीना बाजार संचालक द्वारा फायर एवं सेफ्टी एन ओ सी लिया गया या मुझे नहीं मालूम। लेकिन बड़े आयोजनों में जहां पर की बिजली का उपयोग, कपड़ो का टेंट तथा गैस टंकी या चूल्हों का उपयोग होता है तो वहां पर फायर आडिट करवा कर एनओसी लेना अति आवश्यक है।

**- संजय गुप्ता, प्रभारी अधिकारी अग्नि सामक विभाग सूरजपुर**

## महिला डॉक्टर से 61 लाख से अधिक की ठगी

**बिलासपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** महिला डॉक्टर से 62 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पार्सल में ड्रग्स मिलने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया है। दुबई से आए पार्सल में ड्रग्स का झांसा दिया, फिर खुद को सीबीआई अफसर बताया और ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराए। मामले की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, लिंक रोड मित्र विहार कालोनी निवासी बिषाखा डे सक्ति जिले के हसौद में निजी हॉस्पिटल में डॉक्टर हैं। बीते 12 सितंबर को उनके मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को मुंबई पार्सल आफिस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि एक पार्सल मुंबई से दुबई के लिए बुक किया गया था, वह पार्सल कैंसल हो गया व उसमें पुलिस की वर्दी, एटीएम कार्ड, कीटामिन नामक ड्रग्स मिला है। इसे मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट ने जब्त कर लिया है। उसने यह भी बताया कि उक्त पार्सल पर डॉ. डे का आधार कार्ड, मोबाइल न बर व पता है। इस पर डॉ. डे ने पार्सल के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही। इस पर उन्हें कहा गया मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है।

इसके बाद सीबीआई अफसर बनकर उन्हें फोन किया गया और सामान व बैंक एकाउंट की जांच करने की बात कही गई। एकाउंट में जमा रकम उनके बताए गए बैंक खाते में भेजने व जांच के दो घंटे बाद उक्त रकम वापस कर देने की बात कही गई। डर से डॉ. डे ने एकाउंट में जमा 61 लाख 93 हजार 720 रुपए रुपए बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया, लेकिन जब दो घंटे बाद भी पैसा वापस नहीं होने पर मोबाइल में कॉल किया तो मोबाइल बंद बताया।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, ( वि./यां. ) संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा ( छ.ग. )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-3592/NIT-10/2024-2025/व.ले.लि. दिनांक : 08.10.2024
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 16.10.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 24.10.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 25.10.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्य हेतु :-
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी:- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि समस्त हेतु दिनांक 31.03.2025 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

| एनआईटी क्र.10 निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण ) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) - अमानत राशि(रू.मे) - बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0101 | एम.सी.बी. जिले के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज चिरमिरी के उन्नयन के लिए लाइवलीहुड हॉस्टल गोद्रीपारा चिरमिरी के रेनोवेशन एवं आन्तरिक विधुतीकरण कार्य । //जमा कार्य// | 2.69 -2690.00 - 40350.00 |
| T0102 | एम.सी.बी. जिले के अंतर्गत कलेक्टोरेट बिल्डिंग मनेन्द्रगढ़ का विधुतीकरण कार्य । //जमा कार्य// | 7.96 -5970.00 - 119400.00 |
| T0103 | एम.सी.बी. जिले के अंतर्गत कोल्लेक्टोरेट् बिल्डिंग में SHG Shops/Canteen CUM Toilets and Drivers Rest Room मनेन्द्रगढ़ में विधुतीकरण कार्य । //जमा कार्य// | 3.95 -3950.00 -.59250.00 |
| T0104 | एम.सी.बी. जिले के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौघडा से नियोगी हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ में एरिया लाइटिंग का कार्य । //जमा कार्य// | 12.99 -9743.00 - 194850.00 |
| T0105 | एम.सी.बी. जिले में ब्लाक भरतपुर के अंतर्गत जनकपुर में स्ट्रीट लाइट का विधुतीकरण कार्य । //जमा कार्य// | 4.93 -4930.00 - 73950.00 |
| T0106 | जिला एम.सी.बी. वि.खं. मनेन्द्रगढ़ के छिपछिपी में हाई स्कूल भवन का विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य) | 7.60 -5700.00 - 114000.00 |
| T0107 | जिला एम.सी.बी. में ब्लाक मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत एस.डी.एम. कार्यालय केल्हारी में विधुतीकरण कार्य । //सिविल जमा कार्य// | 5.52 -5000.00 - 82800.00 |
| T0108 | जिला बलरामपुर वि.ख. वाड्रफनगर के अमरोतीपुर में हाईस्कूल भवन में विधुतीकरण कार्य (पार्ट-१, पार्ट-2, सबमर्सिबल पंप लाइटनिंग कंडक्टर /बजट कार्य /) | 5.80 -5000.00 - 87000.00 |
| T0109 | सूरजपुर जिले के अंतर्गत कलेक्टर आवास भवन का विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य) | 4.95 -4950.00 - 74250.00 |
| T0110 | जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक संयुक्त कार्यालय भवन अंबिकापुर जिला सरगुजा में विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य) | 9.00 -6750.00 - 135000.00 |
| T0111 | सरगुजा जिले के अंतर्गत पेसैंजर टर्मिनल भवन एअरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर में विधुतीकरण एक्सटेंसन का कार्य। //सिविल जमा कार्य// | 2.00 -2000.00 - 30000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग ( वि/यां. ) संभाग**
**अम्बिकापुर, जिला सरगुजा ( छ.ग. )**

जी-242503099/3

# कोरिया फ्रंटलाइन

## गांजा तस्करी में संलिप्त फरार आरोपी महेश यादव चढ़ा पुलिस के हत्थे, गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में

### प्रकरण के मुख्य आरोपी हीराधर यादव को पूर्व में किया जा चुका है गिरफ्तार, दोनों मिलकर करते थे, गांजा तस्करी का काम

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** पुलिस अधीक्षक जशपुर श्रशशि मोहन सिंह द्वारा गांजा तस्कर, नशीली दवाओं के तस्कर एवं पशु तस्करों की पतासाजी हेतु सायबर सेल को सम्मिलित कर विशेष अभियान चलाया गया है। जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को मुखबीर लगाकर एवं तस्करी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करने एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

प्रकरण के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 02 जून 2024 के शाम लगभग



07˜00 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि लैलुंगा (रायगढ़) की ओर से कुछ लोग एक कार क्रमांक सी.जी. 13 ए.डब्ल्यू 4063 में भारी मात्रा में गांजा की तस्करी करते हुये कोतबा की ओर आने की सूचना मिलने पर तत्काल चौकी प्रभारी कोतबा के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर के बताये अनुसार ग्राम पीठाआमा चौक के पास नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सी.जी. 13 ए.डब्ल्यू 4063 के चालक एवं उसमें सवार कुछ व्यक्ति पुलिस को देखकर अंधेरे एवं पानी गिरने का मौका पाकर भाग गये थे। पुलिस द्वारा उनके भागने पर तत्काल कार के पास जाकर घेराबंदी किया गया, उक्त कार में एक 16 वर्षीय बालक मिला जो कार का गेट नहीं खुलने पर भागने में असफल रहा, पुलिस द्वारा उक्त बालक से गांजा रखने के संबंध में पूछताछ कर वाहन की तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की में मादक पदार्थ गांजा 27 किलोग्राम कीमत 2,70,000 /- (दो लाख सत्तर हजार रुपये) मिलने पर कार सहित जप्त कर अपचारी नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया। अपचारी बालक से पूछताछ पर बताया कि उक्त गांजा हीराधर यादव का है एवं गांजा को अन्य साथियों के साथ मिलकर लैलुंगा तरफ से लाना बताया। अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा जा चुका है। प्रकरण का मुख्य आरोपी हीराधर यादव को दबिश देकर दिनांक 26 अगस्त 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, अन्य आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी पतासाजी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना मिली थी कि प्रकरण का आरोपी महेश यादव अपने घर आया है, इस सूचना पर तत्काल उसके निवास में दबिश देकर अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उसने हीराधर यादव के साथ गांजा तस्करी करना बताया है। आरोपी महेश यादव उम्र 45 साल निवासी मठपहाड़ थाना बागबहार को दिनांक 09 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक राकेश सिंह, आरक्षक आलोक टोप्पो, आरक्षक उपेन्द्र सिंह, आरक्षक दिलीप इत्यादि का योगदान रहा है।

## सात भैंसों की चोरी का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

### 2 अभी भी फरार, पुलिस कर रही तलाश

छ.ग.फ्रंटलाइन



**कुनकुरी।** पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी सत्यनारायण प्रधान ने दिनांक 18.07.2024 को थाना आकर एक रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 30.05.2024 को यह 07 रास भैंस-पढवा को चरने के लिए पमशाला नदी किनारे सरना के पास छोड़ा था। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना फरसाबहार में अप.क्र. 43/2024 धारा 379 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान चोरी गये 07 रास भैंस एवं अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि तीन व्यक्ति अरविन्द यादव एवं उसके 02 साथी के द्वारा घटना दिनांक को जंगल के रास्ते से 07 रास भैंस को खेदते हांकते हुए ले जा रहे थे। इस सूचना पर मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल जशपुर की सहायता से संदेही आरोपी के निवास में आने की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उसके द्वारा अपने साथियों के साथ उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया है। मेमोरेंडम कथन में बताया कि उपरोक्त चोरी किये 07 रास भैंसा-पढ़वा में से 05 रास भैंसा को गोविन्दपुर झारखण्ड बाजार में ले जाकर बिक्री करना तथा बिक्री का पैसा को तीनों आपस में बांट लेना एवं अपने हिस्से में मिला 40 हजार रूपये से एक सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल फोन, एक बजाज प्लसर मोटर सायकल को फायनेंस कराकर खरीदना बताया एवं बचत 8 हजार रूपये को अपने पास रखना बताया है। आरोपी अरविन्द यादव के द्वारा अपने हिस्से में मिले पैसों से खरीदा हुआ मोबाईल एवं मोटर सायकल व 8 हजार रूपये को पेश करने पर जप्त किया गया है। आरोपी अरविन्द यादव उम्र 26 वर्ष साकिन हेटधीचा हा.मु. हून्दरूपाठ चौकी सोनक्यारी थाना सन्ना जिला जशपुर के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर उसे दिनांक 11.10.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत थाना प्रभारी फरसाबहार, उ.नि. नशरूदीन अंसारी सायबर सेल, आर. 280 संदीप साय, आर.80 अमित टोप्पो, थाना फरसाबहार आर. 545 नीरज तिर्की, 620 ईश्वर, सैनिक 419 डमरूधर यादव का महत्वपूर्ण योगदान है।

## जशपुर जिले में गिरदावरी कार्य में तेजी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में राजस्व विभाग की टीम द्वारा गिरदावरी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विगत दिवस पत्थलगांव विकासखंड में राजस्व टीम द्वारा ग्राम वासियों, राजस्व निरीक्षक तथा हल्का पटवारी की उपस्थिति में अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार के द्वारा गिरदावरी जांच किया गया और किसानों से फसलों के संबंध में जानकारी ली गई। उल्लेखनीय है कि गिरदावरी एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें राजस्व विभाग द्वारा खेतों की फसल और भूमि के स्थिति का निरीक्षण किया जाता है। यह प्रक्रिया मुख्यत: फसल उत्पादन, फसल हानि, और भूमि उपयोग के आंकड़ों को संकलित करने के लिए की जाती है।

फसल की पहचान किस फसल को कौन सी भूमि पर उगाया गया है, इसकी जानकारी जुटाना फसल की स्थिति फसल की स्थिति का मूल्यांकन करना, जैसे कि फसल की वृद्धि, बीमारियाँ आदि प्राकृतिक आपदाओं या अन्य कारणों से फसल के नुकसान का आकलन करना।

## बागबहार दुर्गा पूजा के संध्या आरती में सम्मिलित हुई विधायक

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** पूरे भारतवर्ष में नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास व विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ मनाया जा रहा है। क्षेत्रवासी उत्साह के साथ माता रानी की सेवा कर रहे हैं, मैं माता रानी से विश्व कल्याण की प्रार्थना करते हुए आप सबको नवरात्रि पूजा व दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। बागबहार नगर में आने वाले समय में माता रानी सुसज्जित मंच पर विराजेगी ऐसा व्यवस्था आपके व हमारे द्वारा माता रानी की कृपा से बनाई जाएगी। उक्त बातें नारी शक्ति की मिसाल सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व विधायक गोमती साय ने बागबहार में आयोजित नवरात्रि पर्व पर सप्तमी तिथि के संध्या आरती के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। देश भर में चल रहे नवरात्रि पर्व में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धार्मिक आस्था को बढ़ाया जा रहा है, वहीं सनातन संस्कृति के साथ बागबहार में भी नवरात्रि पर्व का आयोजन भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जहां क्षेत्र की विधायक गोमती साय संध्या आरती में शामिल हुई तथा संध्या आरती कर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

क्षेत्र वासियों को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामना प्रेषित करते हुए बागबहार वासियों के मांग पर सुसज्जित मंच की घोषणा की, तदुपरांत विधायक गोमती साय अपने कंवर समाज द्वारा दिए जा रहे भंडारे में शामिल होकर श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरण की। विधायक द्वारा की गई घोषणा के उपरांत दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सहित समिति गणों ने विधायक को आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उद्यान विभाग की योजना का लाभ उठाकर जिले के किसान हो रहे सशक्त

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कृषि के साथ अन्य फसलों को लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के द्वारा जिले के किसानों को फूलों की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि हो सके। जिला प्रशासन के अंतर्गत उद्यान विभाग के द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक से पौधा रोपण करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों की सहमति से उनकी निजी भूमि में फूल का पौधा रोपण कार्य कराया जा रहा है। जिले के किसानों को उद्यान विभाग द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्नत फसल उत्पादन करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम हथगड़ा निवासी श्री लक्ष्मण कुमार बंजारा ने उद्यानिकी विभाग से तकनिकी मार्गदर्शन लेकर गेंदा पौध का रोपण किया गया था। लक्ष्मण कुमार बंजारा ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के द्वारा उन्हें पुष्प उत्पादन के महत्व एवं लाभ के विषय के बारे में तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया एवं स्वयं के साधन से अपने बाड़ी में गेंदा पौध रोपण किया।

## 21 अक्टूबर को सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बड़ी बैठक

**जशपुरनगर।** 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित की जा रही है । बैठक में लगभग 80 सदस्य शामिल होने की संभावना है । जिले में तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने अधिकारियों को बैठक की सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाहर से आने वाले मंत्रियों और सदस्यों के रूकने व्यवस्था,पार्किंग, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। लाइजनिंग अधिकारी बनाने के लिए कहा साथ ही रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के लिए अलग अलग जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में पहली बार इतनी बड़ी सरगुजा प्राधिकरण की बैठक होने वाली। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेश के क्षेत्र के विकास के साथ ही आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क पूल पुलिया,पेय जल, अधोसंरचना आधुनिक तकनीक जैसे अन्य संसाधनों पर विशेष ध्यान दें रहे है।

## राज्य के चार नवीन मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए 1020 करोड़ रूपए का ई-टेंडर जारी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं।तरक्की और सुशासन का ये सफर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में भी नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर



दे रहे है। इसी क्रम में राज्य के चार नवीन मेडिकल कालेजों के भवन के लिए निविदा जारी कर दी गयी है। राज्य में जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में चार नवीन मेडिकल कालेज बनेंगे। इनकी प्लानिंग, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग और निर्माण कार्य के लिए 1020.60 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। 11 अक्टूबर से बिड डाक्यूमेंट आनलाइन उपलब्ध होंगे तथा इन्हें जमा करने की अंतिम तारीख 7 नवंबर होगी। ई- टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि उनकी पहली प्राथमिकता राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना है ताकि राज्य के युवाओं के साथ ही प्रत्येक वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके और स्थानीय लोगों को इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके।

# नवरात्रि पर्व का पूजा, आरती, हवन, कन्याभोज के साथ समापन

## मंदिरों के अलावा पंडालों में भी मातारानी की पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु





छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शारदीय नवरात्र की नवमी के मौके पर जिले भर के मंदिरों में पूजा, आरती, हवन, कन्याभोज जैसे आयोजन किए गए, इसके साथ ही मां दुर्गा की आराधना के पर्व का समापन हुआ। नवमी के मौके पर शहर में जीभ में बाना भेदकर निकले माता के भक्तों को देखने भीड़ उमड़ी। मायापुर से निकले माता के भक्त शहर के प्रमुख मार्गों से होते मां महामाया मंदिर पहुंचे। यहां से पूजार्चना के बाद इनकी वापसी हुई। माता के भक्तों ने जगह-जगह भंडारा प्रसाद ग्रहण किया, वहीं देर रात तक शहर में विभिन्न स्थलों पर जगराता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शुक्रवार को सुबह से ही शहर के प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर गांधी चौक, मां काली मंदिर, मां गायत्री मंदिर, दुर्गा/काली बाड़ी, संत हरकेवल मंदिर सहित अन्य मंदिरों व शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यहां पूजन, हवन के बाद कन्याभोज कराया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष आरती और हवन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। पूरे दिन लोग भक्तिभाव में लीन रहे। घरों में भी परिवार के साथ पूजा-अर्चना, हवन भक्तों ने किया और कन्या भोज कराया। इसके साथ ही नौ दिनों तक मां दुर्गा की उपासना का विधि-विधान से समापन हुआ। शनिवार को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर घर-घर में दीप जगमगाएंगे, शहर के कॉलेज मैदान सहित अन्य स्थलों पर भव्य आतिशी नजारा देखने को मिलेगा। शहर में प्रमुख स्थानों देवीगंज रोड, पुराना बस स्टैंड सहित अन्य स्थलों पर भी मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर परंपरा अनुसार विधि-विधान से पूजा की गई। बांग्ला समाज सहित अन्य लोगों ने षष्ठी-सप्तमी तिथि से स्थापित मातारानी की परिवार के साथ पहुंच कर पूजा-अर्चना की। नगर से लगे लालमाटी स्थित श्री अवधूत भगवान राम सेवा संस्थान में नौ दिनों तक शारदीय नवरात्र के मौके पर अनुष्ठान चला। नवमी तिथि पर सरगुजा संभाग सहित बनारस, बिहार, झारखंड से भी श्रद्धालु यहां पहुंचे। कन्या भोज का आयोजन हुआ।

मार्ग परिवर्तन और नो एंट्री संबंधी ट्रैफिक एडवायजरी

दशहरा पर्व को लेकर होने वाले विविध कार्यक्रमों को देखते हुए पुलिस व प्रशासन के द्वारा पूर्व तैयारियों को मूर्तरूप दे दिया गया है। वाहन पार्किंग सहित भारी व यात्री वाहनों के आने-जाने के मार्ग का निर्धारण किया गया है। वहीं सरगुजा पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए यात्री व अन्य सामान्य वाहनों के लिए जारी करते हुए मार्ग परिवर्तन किया गया है। भारी वाहनों के लिए शाम 04 बजे से रात्रि 10 बजे तक नो एंट्री जारी की गई है। आपातकालीन सेवा संबंधी वाहन को अंबिकापुर शहर आने एवं जाने की छूट रहेगी।

शहर के 10 स्थलों पर वाहन पार्किंग स्थल का निर्धारण

कॉलेज मैदान में स्थल क्रमांक पी-01 व्हीआईपी पार्किंग, मंच में बैठने वाले सभी व्हीआईपी, निर्धारित पासधारी के वाहन हेतु, पी-02 हॉकी मैदान, ड्यूटी में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारियों हेतु, पी-03 पीजी कॉलेज मुख्य प्रवेश द्वार के अंदर पार्किंग में ड्यूटी में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों हेतु, पी-04 बीटीआई मैदान में मीडिया संस्थान के सदस्यों के वाहन हेतु एवं आकाशवाणी चैक से आने वाले आम जनता के लिए, पी-05 नवापारा चर्च के सामने मैदान में आकाशवाणी चैक से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु, पी-06 सेंट जेवियर स्कूल मैदान में आकाशवाणी चैक से आने वाले लोगों के लिए, पी-07 बनारस रोड स्थित आलोक दुबे के प्लाट के बगल में बनारस रोड की ओर से आने वालों के लिए, पी-08 पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान प्रवेश द्वार रिंग रोड में रायगढ़ रोड़, बिलासपुर रोड एवं शहर के अन्य मार्गों की ओर से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु, पी-09 किसान राइस मिल में मनेन्द्रगढ़ रोड़ की ओर से आने वाले वाहन के लिए, पी-10 राजमोहनी देवी भवन के आगे एवं पीछे मैदान में अंबिकापुर की ओर से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल है। पी-11 कलाकेन्द्र मैदान को रिजर्व रखा जाएगा।

### कॉलेज मैदान में जलेगा 90 फिट का रावण

सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पीजी कॉलेज मैदान अंबिकापुर में 90 फीट के रावण व 50-50 फिट के मेघनाद व कुम्भकर्ण का दहन शनिवार को किया जाएगा। रावण दहन के कार्यक्रम को लेकर जिले भर में तैयारियां चल रही हैं। रावण दहन से पहले दोपहर 2 बजे से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरी तन्मयता के साथ मुस्लिम परिवार के सदस्यों द्वारा विशाल रावण, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतले को मूर्तरूप दिया गया है। अंबिकापुर के महामाया रोड में स्थित जावेद बैंड के मो. जावेद बीते 15 वर्षों से पीजी कॉलेज मैदान में रावण दहन की तैयारियां करते आ रहे हैं। अब उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्य में सहयोग करते हैं। इनके साथ 6-7 सहयोगी भी विशाल पुतले को तैयार करने में अपना योगदान देते हैं। पुतले का आकर्षक रूप देने के लिए इनके द्वारा एक माह पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी जाती है। हिंदुओं के मुख्य त्योहार में समुदाय विशेष का योगदान अंबिकापुर व सरगुजा वासियों के बीच आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश देता है। भव्य आतिशी प्रदर्शन के लिए तरह-तरह के पटाखे लगाए जाएंगे, जिससे विजयादशमी पर्व को लेकर होने वाले विशाल महोत्सव के दौरान लोगों को रंगीन आतिशी नजारा दूर-दूर तक देखने को मिलेगा। इस बार पिछले साल की तुलना में आतिशी नजारे को और भी भव्य रूप दिया गया है।

### विजयदशमी पर ऊर्जा नगर जरही में रावण दहन के साथ होंगे कई आयोजन



**भटगांव/जरही।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आज 12 अक्टूबर को रावण दहन के साथ कई आयोजन नगर पंचायत जरही के उर्जा नगर स्थित दुर्गा पंडाल में करने की तैयारी पूर्ण हो गई है। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण दहन के साथ दशहरा का त्यौहार हर्षोल्लास विगत कई वर्षों से नगर पंचायत जरही में मनाया जाता है। यहां रावण दहन का कार्यक्रम देखने क्षेत्र के आसपास के गांव से भारी भीड़ एकत्र होती है। हर वर्ष की तरह इस बार भी विशालकाय रावण का दहन आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। रावण दहन से पूर्व शानदार आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजन भी समिति द्वारा रखा गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी समिति के द्वारा रखा गया है, जिसमें अंजली गुप्ता और अम्बे गुप्ता द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा